12- JUN- BSP- PG-1_Layout 1 6/13/2024 12:05 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 29.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 13 जून 2024

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया



बृहस्पति बाजार में ट्रैफिक जाम की एक वजह मिशन स्कूल की दीवार से लगी अवैध दुकानें है। इनके खिलाफ कभी कार्रवाई नहीं होती।

REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

# नाइट लैंडिंग का काम केंद्र और राज्य सरकार के बीच अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा दाई एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग का काम केंद्र और राज्य सरकार के बीच अटक गया है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सैटेलाइट पर आधारित तकनीक का उपयोग करने केंद्र शासन के समक्ष आवेदन किया गया है, लेकिन अब तक केंद्र सरकार ने इस पर कोई फैसला नहीं लिया है।

दरअसल केंद्र सरकार के संस्थान डीजीसीए और अलायंस एयर दोनों ही पहले से चली आ रही तकनीक के पक्षधर हैं। एयरक्राट लाइंग के नियम कानून के मुताबिक जब तक डीजीसीए इस तकनीक के उपयोग की मंजूरी नहीं देगा तब तक बिलासपुर एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग का काम आगे नहीं बढ़ेगा। हाईकोर्ट में भी इस मामले की लगातार सुनवाई चल रही है। अगली सुनवाई 19 जून को होगी। तमाम कोशिशों और संघर्षों के बाद भी बिलासपुर में बेहतर और नियमित हवाई सेवा नहीं मिल सकी है। तीन साल पहले बिलासपुर एयरपोर्ट से एक मार्च 2021 से दिल्ली-जबलपुर-बिलासपुर-प्रयागराज सेक्टर में नियमित घरेलू विमान सेवा की शुरुआत की गई थी।

उस समय दावा किया गया था कि जल्द ही नाइट लैंडिंग के साथ दूसरे बड़े शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होगी, लेकिन इसके उल्टा हुआ और कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। पिछले एक साल में 10 फ्लाइट बंद की जा चुकी है। अलायंस एयर कंपनी ने यात्री नहीं मिलने की बात कहते विमान सेवा बंद की है।

### डीजीसीए से नहीं मिल रही अनुमति



- राज्य ने सैटेलाइट तकनीक के लिए दो पत्र लिखा, जवाब नहीं मिला
- हाईकोर्ट ने मामले में डीजीसीए और केन्द्र सरकार से जवाब मांगा है

### राज्य शासन ने 17 जनवरी व 29 अप्रैल को लिखा पत्र

ज्ञात हो कि नाइट लैंडिंग के मामले में हाईकोर्ट में पिछले दिनों हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा नाइट लैंडिंग के लिए सैटेलाइट तकनीक के लिए पहला पत्र 17 जनवरी 2024 को और दूसरा पत्र 29 अप्रैल 2024 को लिखा गया लेकिन जवाब नहीं मिला है। कोर्ट में एविएशन विभाग के एडिशनल डायरेक्टर पंकज जायसवाल और बिलासपुर एयरपोर्ट के डायरेक्टर एन विरेन सिंह ने बताया है कि राज्य सरकार ने नाइट लैंडिंग के लिए केन्द्र सरकार के डीजीसीए से सैटेलाइट तकनीक का उपयोग करने की अनुमति मांगी है। केन्द्र सरकार से इस पर कोई जवाब नहीं मिल सका है। इस कारण काम पिछड़ रहा है। इसे रिकार्ड में लेते हुए हाईकोर्ट ने डीजीसीए और केन्द्र सरकार से इस पर जवाब मांगा। साथ ही राज्य सरकार को निर्देश दिया गया है कि वह केन्द्र को लिखे हुए दोनों पत्र हाईकोर्ट में प्रस्तुत करें।

### स्पेशल वीएफआर आपरेशन की अनुमति

दूसरी ओर बिलासपुर एयरपोर्ट को डायरेक्टर जनरल आफ सिविल एविएशन से स्पेशल वीएफआर आपरेशन की अनुमति मिल गई है। इस अनुमति के तहत 1500 मीटर तक की विजिबिलिटी में भी फ्लाइट उड़ान भर सकेंगे और उतर सकेंगे। ध्यान रहे कि 1500 मीटर से कम की दृश्यता (विजिबिलिटी) बिलासपुर एयरपोर्ट में कभी भी रिकॉर्ड नहीं की गई है। अधिकारियों के मुताबिक सामान्यतया किसी भी विमान की लैंडिंग के लिए न्यूनतम दृश्यता की जरूरत 5000 मीटर होती है, लेकिन चकरभाठा एयरपोर्ट के स्थानीय स्टाफ को स्पेशल वीएफआर के संचालन के लिए हाल ही में 7 दिनों की ट्रेनिंग भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण मुख्यालय द्वारा दी जा चुकी है। इससे पहले 5000 मीटर से कम की विजिबिलिटी होने पर बिलासपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट नहीं उतर पाती थी और उसे कैंसिल या डाइवर्ट करना पड़ता था।

### अलायंस एयर की लापरवाही से परेशानी

सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि छत्तीसगढ़ में नियमित विमान सेवा पिछले दिनों बिलासपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर में एक साथ शुरू की गई थी लेकिन पिछले एक साल में 10 फ्लाइट बंद की जा चुकी है। अलायंस एयर कंपनी ने यात्री नहीं मिलने की बात कहते विमान सेवा बंद की। जबकि हकीकत में यात्रियों को यह नहीं मालूम होता है कि फ्लाइट का समय कब है। हर बार फ्लाइट अलग-अलग समय पर आती थी, इसलिए यात्री संशय में रहते हैं कि उन्हें किस विमान में जाना है। कई बार ऐसा होता कि फ्लाइट बिलासपुर की जगह रायपुर में यात्रियों को छोड़ देती है, जिससे यात्रियों को आर्थिक हानि होती है।

## बिलासा एयरपोर्ट से जगदलपुर के लिए फ्लाइट ने भरी पहली सीधी उड़ान

बिलासा एयरपोर्ट से 12 जून को बिलासपुर से जगदलपुर के लिए पहली सीधी उड़ान भरी गई है। ये फ्लाइट सुबह 10:30 बजे बिलासपुर एयरपोर्ट पर उतरी और 11:14 बजे बिलासपुर से जगदलपुर के लिए उड़ान भरी। इस उड़ान में 44 कुल पैसेंजर थे, जिसमें बिलासपुर से 29 पैसेंजर सवार हुए, इसके अलावा 15 ट्रांजिट यात्री थे। बिलासपुर से जगदलपुर उड़ान के लिए यात्रियों को बोर्डिंग पास दिया गया। जगदलपुर के लिए पहली सीधी उड़ान को एयरपोर्ट डायरेक्टर और स्टेशन मैनेजर एलायंस एयर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस उड़ान में एलायंस एयर के पांच अधिकारी दिल्ली से बिलासपुर आए हैं। ये अधिकारी अंबिकापुर में उड़ान चालू करने की संभावना तलाशने और निरीक्षण करने पहुंचे हैं। ये सभी अधिकारी सड़क मार्ग से सीधे अंबिकापुर के लिए रवाना हो गए।



बिलासपुर से 29 पैसेंजर हुए सवार

» अंबिकापुर से उड़ान की संभावना तलाशने पहुंचे अधिकारी

### आरएनपी अप्रोच प्रोसेस का फ्लाइट ट्रायल आज

आरएनपी अप्रोच प्रोसेस का फ्लाइट ट्रायल 13 जून को एलायंस एयर के एयरक्राफ्ट के द्वारा कराया जाएगा। ये फ्लाइट दिल्ली से बिलासपुर आएगी। फ्लाइट से पैसेंजर उतारने के बाद खाली प्लेन ट्रायल के लिए उड़ान भरेगी और आरएनपी अप्रोच प्रोसेस के तहत लैंडिंग करेगी। उसके बाद ट्रायल की रिपोर्ट डीजीसीए को प्रस्तुत की जाएगी। फ्लाइट ट्रायल, सिम्युलेटर ट्रायल रिपोर्ट को डीजीसीए के द्वारा संतोषजनक परिणाम होने के बाद कराया गया है।

## खबर संक्षेप

### नीट पीजी अब 23 जून को

**बिलासपुर।** नीट पीजी अब 23 जून को आयोजित की जाएगी। लोकसभा चुनाव की वजह से इसकी तारीखों में बदलाव किया गया है। नीट पीजी की तारीख दूसरी बार बढ़ाई गई है। पहले यह परीक्षा 3 मार्च को होने वाली थी। जानकारों ने बताया कि कोरोना के पहले नीट-पीजी की परीक्षा जनवरी में आयोजित की जाती थी। इसे छह महीने तक आगे बढ़ा दिया गया था। वहीं अब फिर इसमें बदलाव किया गया है। इस वजह से स्टूडेंट्स का पूरा शेड्यूल बिगड़ रहा है। प्रदेश के छह सरकारी व दो निजी मेडिकल कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई हो रही है। इनमें करीब 518 सीटें हैं। अगले साल मेडिकल पीजी की 100 सीटें बढ़ने की संभावना है।

### सीजीपीएससी मेंस परीक्षा 24 से

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सेवा की मुख्य परीक्षा (मेंस) की तारीख नहीं बदलेगी। परीक्षा 24 जून से ही शुरू होगी। सीजीपीएससी ने इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। दरअसल, मध्य प्रदेश सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 और वन सेवा परीक्षा 2024 उक्त तारीख को होने को लेकर कई अभ्यर्थियों ने सीजीपीएससी को आवेदन किया था, इसमें मेंस की तारीख में बदलाव करने की मांग की गई थी। पीएससी की ओर से सूचना जारी कर कहा है कि पूर्व निर्धारित तारीख के अनुसार ही मुख्य परीक्षा होगी। इस बार कुल 242 पदों पर भर्ती होगी। इसमें डिप्टी कलेक्टर से लेकर नायब तहसीलदार तक के पद हैं। मुख्य परीक्षा के लिए इस बार 3597 अभ्यर्थियों का चिंहित किया गया है। यह परीक्षा 24 जून से 27 जून तक होगी। कुल सात पेपर होंगे। 24 जून की सुबह नौ से 12 बजे तक भाषा की परीक्षा होगी तो दोपहर दो से पांच बजे तक निबंध का पेपर होगा। 25 जून को पहली पाली में सामान्य अध्ययन-1 और दूसरी पाली में सामान्य अध्ययन-2 की परीक्षा होगी। 26 जून को पहली पाली में सामान्य अध्ययन-3 और दूसरी पाली में सामान्य अध्ययन-4 की परीक्षा होगी। 27 जून को पहली पाली में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक सामान्य अध्ययन-5 की परीक्षा होगी।

### सेट की परीक्षा 21 जुलाई को 1 लाख 60 हजार आवेदन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 21 जुलाई को होगी। इसके लिए एक लाख 60 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। यह अबतक प्रदेश में हुई सेट परीक्षाओं के लिए प्राप्त आवेदनों में सबसे ज्यादा है। 2019 में हुई सेट परीक्षा के लिए 56,712 आवेदन मिले थे। दरअसल प्राध्यापक भर्ती में आवेदन के लिए नेट, पीएचडी के अलावा सेट उत्तीर्ण होने पर भी पात्रता मिलती है। इस वजह से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं आवेदन किया है। प्रदेश में अब तक चार बार वर्ष 2013, 2017, 2018, 2019 में सेट का आयोजन किया जा चुका है। इस परीक्षा के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता पीजी पास है। 2019 को छोड़कर अन्य में 35 से 45 हजार आवेदन आए। 21 जुलाई को होने वाली सेट परीक्षा 19 विषयों के लिए हो रही है। इसमें हिंदी, अंग्रेजी, गणित, इतिहास समेत अन्य विषय शामिल है। 2019 में हुई सेट परीक्षा में भी इतने ही विषय थे। छात्र-छात्राएं नए विषय जोड़ने की बहुत दिनों से मांग कर रहे हैं, लेकिन इस बार भी कोई नया विषय नहीं जुड़ा है।



बुधवार को हुई बारिश से पुराना बस स्टैंड की सड़क हर बार की तरह पानी से लबालब हो गई। दरअसल यहां निस्तारी की व्यवस्था ठीक नहीं होने की वजह से हल्की बारिश में भी सड़क पर पानी भर जाता है।

### नालियां ओवर फ्लो सड़कों में फैला कीचड़

बुधवार शाम को हुई झमाझम बारिश से शहर के कई नालियों में पानी ओवर फ्लो हो गई। बारिश से पूर्व इन नालियों की सफाई में निगम के अफसर ध्यान नहीं दिए, जिसके चलते मलबे और कचरे से ये जाम है। इसके अलावा इन दिनों सिम्स रोड़ सहित आसपास के क्षेत्रों में पाइप लाइन डालने के लिए गड्ढे खोदे गए हैं। बारिश होने से इन सड़कों में कीचड़ फैल गया। लोगों को आवगमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

## सरकारी अस्पतालों में संसाधनों की कमी

**हाईकोर्ट ने कहा- सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं**

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने सरकारी अस्पतालों में संसाधनों की कमी से नवजात शिशुओं की मौत के मामले में सुनवाई करते हुए प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि सभी अस्पतालों में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसके साथ ही यह जनहित याचिका निराकृत हो गई है।

- अतिरिक्त मुख्य सचिव को निर्देशित करते हुए जनहित याचिका निराकृत

सरकारी अस्पतालों में संसाधन न होने से बच्चों की मौत के प्रकरण में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डीबी में सुनवाई चल रही थी। समाचार पत्र में इनक्यूबेटर में एक साथ 5 बच्चे रखे जाने की फोटो आने पर कोर्ट ने सरकार को यह बताने को कहा था कि, तस्वीर कहां से ली गई। मामले में दुर्ग कलेक्टर की ओर से जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी कि, संबंधित फोटो जो मीडिया में आई है वह सरकारी अस्पताल की नहीं है। साथ ही जिस निजी अस्पताल की है उससे पूरी जानकारी ली जा रही है। पिछली बार कोर्ट ने दुर्ग जिला कलेक्टर को मामले की जांच कर शपथपत्र प्रस्तुत करने निर्देश दिया था।

### अस्पतालों में व्यवस्था बनाने की पहल शुरू

ध्यान रहे कि हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन और वैंटिलेटर के अभाव में 5 साल में 40 हजार बच्चों की मौत की खबर पर संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की थी। हाईकोर्ट की डीबी ने सुनवाई के दौरान कहा था कि, शासन की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि, सरकारी अस्पतालों में बेड और वैंटिलेटर की कमी है। बुधवार को हुई सुनवाई में शासन की ओर से महाधिवक्ता ने बताया कि, अस्पतालों में व्यवस्था बनाने की पहल शुरू की गई है। चीफ जस्टिस ने प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव को निर्देशित करते हुए यह कहा कि, जितने भी सरकारी अस्पताल हैं वहां आवश्यक सुविधाएं और संसाधन मुहैया कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस आशय के निर्देश के साथ ही हाईकोर्ट ने यह जनहित याचिका निराकृत कर दी है।

### शिशु मृत्यु और मातृ स्वास्थ्य की गंभीर स्थिति

ध्यान रहे कि पहले हुई सुनवाई में कोर्ट ने कहा था कि उल्लेखित आंकड़ों से प्रदेश में शिशु मृत्यु और मातृ स्वास्थ्य की गंभीर स्थिति का पता चलता है। विशेषकर यह नवजात शिशुओं और माताओं की मौतों की उच्च संख्या को उजागर करता है। आंकड़ों के अनुसार पिछले पांच वर्षों में हजारों बच्चे, शून्य से 5 आयु वर्ग के जीवित नहीं रह सके हैं। महत्वपूर्ण यह भी है कि, इनमें से लगभग 25 हजार बच्चे जन्म के 28 दिनों तक भी जीवित नहीं रह पाए। इसके लिए सरकार को व्यवस्था बनानी होगी।

### चक्रवाती घेरा समाप्त, अरब सागर की नमी से मानसून सक्रिय

# दोपहर में पारा 43 डिग्री पहुंचा शाम को झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सुबह धूप निकलने के साथ ही दोपहर तक तापमान 43 डिग्री पहुंच गया, परन्तु शाम को मौसम बदल गया। आंधी-तूफान के साथ ही घंटेभर तक झमाझम बारिश हुई। इसके शहर तरबतर हो गया। बारिश से मौसम नम हुई और दिनभर की गर्मी से लोगों को राहत मिली। दरसल प्रदेश में प्री-मानसूनी गतिविधियां बढ़ गई हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से तापमान भी बढ़ रहा था। बुधवार की सुबह भी तेज धूप निकली दोपहर में अधिकतम पारा 43 डिग्री पहुंच गया। गर्मी और उमस से लोग हलाकान हुए। लेकिन शाम 5:52 बजे अचानक हुई बारिश ने गर्मी को धो डाला और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में बारिश की गतिविधि पर अड़ंगा लगाने वाला मराठवाड़ा का चक्रवाती घेरा समाप्त होने से मानसून के आगे बढ़ने की संभावना है। पश्चिम में स्थित अरब सागर से आने वाली नमी के प्रभाव से एक-दो दिन में बारिश की गतिविधि बढ़ने की संभावना है।

### बारिश के साथ वज्रपात की संभावना

मौसम विशेषज्ञ डॉ.एचपी चंद्रा ने बताया कि दक्षिण छत्तीसगढ़ में आने वाले पांच दिनों तक अंधड़ व बारिश के आसार है। कुछ क्षेत्रों में आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में तापमान बढ़ने से गर्मी व उमस रही। हालांकि देर शाम बिलासपुर सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में राहत की बारिश भी हुई और ठंडी हवाएं भी चली। दक्षिण पश्चिम मानसून अगले एक से दो दिनों में पूरे बस्तर क्षेत्र में सक्रिय होगा तथा वहां सक्रिय होने के बाद जल्द से जल्द प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी फैलेगा। 13 जून से प्रदेश में बारिश की गतिविधि बढ़ने लगेगी।



बिजली गुल हो जाने से मोबाइल की रौशनी में काम करते पुलिसकर्मी।

### बंद होती रही बिजली कई पेड़ भी गिरे

शहर में बारिश से पहले तेज आंधी-तूफान चली ऐसे में कुछ जगहों में पेड़ भी टूट गए। छठघाट के पास सड़क में बड़ा पेड़ उखड़कर गिर गया। हवा चलने के साथ ही तेज बारिश शुरू हो गई। ऐसे में बिजली बंद होने लगी। बारिश के दौरान मंगला, दीनदयाल, मोपका, अमेरी, सकरी, सरकंड़ा, तिफरा सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली बंद होने से लोग परेशान हुए। बारिश बंद होने के बाद भी फ्यूज कॉल सेंटर में शिकायत के घंटो बाद सुधार कार्य करने वाले पहुंचे तब बिजली आई।



### एनजीटी की रोक के बाद भी मशीनों से अरपा का सीना कर रहे छलनी

# 15 से चार महीने के लिए कागजों में बंद रहेंगे जिले के सभी रेत घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत खदान बंद रहेंगे। हालांकि यह सब कागजों में होगा, इधर जिले में रेत का अवैध उत्खनन जोरों पर हो रहा है। एनजीटी की रोक के बाद भी मशीनों से नदियों का सीना छलनी किया जा रहा है। वहीं माफिया ने बारिश से पहले रेत का अवैध भंडारण करना शुरू कर दिया है। जिले में दो दर्जन से अधिक ठिकानों पर रेत के बड़ी मात्रा में रेत के डंप किए जा रहे हैं। प्रशासन पर इस संबंध में शिकायतें भी पहुंच रही है, लेकिन जिम्मेदार खनिज विभाग जहां संसाधनों के अभाव में कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। वहीं प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं। परिणामस्वरूप माफिया के हौसले बुलंदी पर हैं।

- लगातार कार्रवाई के बाद भी नहीं लग पा रही लगाम

बारिश के मौसम में नदियों के चढ़ जाने से रेत के उत्खनन बंद हो जाएगा। इससे पहले माफिया ने नदियों से दोगुनी मात्रा में रेत निकालना शुरू कर दिया है। यहां बता दें कि जिले में खनिज विभाग से स्वीकृत मात्र तीन खदानें चालू हैं। इन पर भी शासन की रोक के बाद मशीनों से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। वहीं शेष खदानों पर माफिया दबंगई से रेत का उत्खनन करने में जुटा हुआ है। लेकिन प्रशासन इसे रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। बारिश के मौसम में रेत की पूर्ति के लिए माफिया ने अवैध डंप चालू कर दिए हैं। देखा जाए तो रेत के दाम पहले ही आसमान छू रहे हैं। वहीं बारिश के मौसम में नदियों से रेत का निकलना बंद हो जाएगा। ऐसे में रेत के दाम वर्तमान से तीन गुने हो जाएंगे। इसी मुनाफे के लिए माफिया ने अभी से रेत का अवैध भंडारण शुरू कर दिया है।



### बारिश से पहले रेत का अवैध भंडारण बड़े पैमाने पर लगातार जारी

#### इन जगहों पर बने रेत के डंपिंग यार्ड

शहर के दयालबंद, मधुबन, राजकिशोर नगर, तोरवा, सरकंडा, कुदुदंड, सकरी, दोमुहानी सहित आसपास के इलाकों में सार्वजनिक जगहों के साथ ही निजी प्लॉट में बड़ी मात्रा में रेत डंप कर रखा गया है। यहां शाम होते ही डंप रेत को बेचने और इधर-उधर खपाने का खेल चल रहा है। बताया जा रहा है कि इन जगहों से दिन में भी रेत बेचने का खेल चल रहा है। इन जगहों से ट्रैक्टर में रेत भर भरकर कालाबाजारी की जा रही है।

#### रेत की कीमत भी बढ़ा दी

रेत माफियाओं ने रेत की शार्टेज बताकर कीमतें बढ़ा दी है। स्थिति यह है कि 1200 से 1500 तक मिलने वाले एक ट्रैक्टर रेत की कीमत 3000 से 3500 तक पहुंच गया है। वहीं, प्रति हाइवा रेत 5000 हजार से बढ़कर 10,000 से 15,000 रुपए तक हो गया है। दूसरी ओर खनिज अफसर बीते एक सप्ताह से अवैध उत्खनन व रेत का भंडारण करने वालों पर लगातार कार्रवाई करने का दावा कर रहे हैं। लेकिन, उनकी यह कार्रवाई महज दिखावे की है। घुटकू और दयालबंद क्षेत्र में रेत जब्ती हुई थी बाद में माफिया इस रेत को ले गए। यही हाल मधुबन सहित अन्य इलाकों में है, जहां बड़ी मात्रा में रेत डंप कर रखा गया है, जिसे जब्ती करने का दावा किया जा रहा है और उसे रेत माफिया बेच रहे हैं।

#### की जा रही है कार्रवाई

अवैध उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई के लिए अलग सी टीम बनाने की कोई जरूरत नहीं होती। खनिज विभाग, पुलिस और राजस्व अमला अपने-अपने स्तर पर लगातार कार्रवाई कर ही रहा है। इतनी गाड़ियां शायद इससे पहले कभी जब्त नहीं हुई होंगी। पेनाल्टी की राशि भी बढ़ा दी गई है। पकड़े गए वाहनों को थानों में 15 दिनों से अधिक तक रखा जा रहा है जिससे की रोक लग सके। कई मामलों में एफआईआर भी कराई गई है।

**- दिनेश मिश्रा,** उपसंचालक, खनिज विभाग

#### भंडारण के लिए अनुमति भी नहीं ले रहे

बारिश से पहले रेत के डंप के लिए ठेकेदार को खनिज विभाग से अनुमति लेना होती है। जिले में 6 खदान संचालकों को भंडारण की अनुमति दी गई है जबकि 20 से अधिक जगहों पर अवैध डंपिग हो रही हैं। नदी से सटे लगभग प्रत्येक गांव के प्रभावशाली लोगों द्वारा अपने-अपने ट्रैक्टरों से रेत को उठाकर खाली स्थानों पर भंडारण किया गया है। ज्ञात हो कि बारिश से पहले नदियों से रेत का भंडारण के लिए खनिज विभाग से खदान संचालक को अनुमति लेना होती है। नियमानुसार स्वीकृत खदान से चार किलोमीटर की परिधि में एक स्थान पर निश्चित हैक्टेयर में रेत का भंडारण किया जा सकता है। इसके लिए विभाग को विधिवत सर्वे नंबर बताना होता है। इसमें राजस्व विभाग की सहमति लगती हैं। भंडारित रेत की मात्रा अनुसार रायल्टी भी दिखाना होती है। साथ ही ऐसा न होने पर 30 गुना जुर्माने का प्रावधान है लेकिन प्रशासन की अनदेखी से यह सभी नियम कागजी साबित हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में घायल एसईसीएल के सीवीओ का निधन

**बिलासपुर।** सड़क हादसे में घायल एसईसीएल के सीवीओ जयंत कुमार खमारी का इलाज के दौरान 12 जून को दिल्ली के मेदांता हास्पिटल में निधन हो गया। श्री खमारी एसईसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी के पद पर पदस्थ थे । ज्ञात हो कि वे शासकीय कार्य से महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड गए हुए थे और 5 जून को संबलपुर से वापस लौट रहे थे। इस दौरान रायगढ़ के पास उनकी सरकारी गाड़ी इनोवा ट्रेलर से टकरा गई, दुर्घटना में वे बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें जिंदल हॉस्पिटल रायगढ़ लाया गया। इसके बाद दिल्ली के मेदांता हॉस्पिटल इलाज के लिए ले जाया गया। इलाज के दौरान 12 जून को उनका निधन हो गया। श्री खमारी के निधन से पूरा एसईसीएल परिवार स्तब्ध है। एसईसीएल परिवार ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहने के लिए शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की है।



### दिव्य अरपा यूथ समिट के स्वच्छता महोत्सव में 150 लोगों ने की सफाई



**बिलासपुर।** दिव्य अरपा यूथ समिट छात्र संगठन ने अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर 5 जून से 5 दिवसीय स्वच्छता महोत्सव मनाया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने नगर निगम के सहयोग से अरपा को साफ सुथरा रखने जागरुकता अभियान चलाया। लोगों को अरपा को गंदगी मुक्त रखने की अपील की गई। संगठन के 50 सदस्यों ने लोगों को सफाई का महत्व बताया। संगठन के सदस्य नगर निगम सफाई कर्मचारियों के सहयोग से 5 जून से 10 जून तक प्रतिदिन सुबह 2 घंटे स्वच्छता महोत्सव में हर अरपा किनारे साफ सफाई कर अभियान चलाया। महोत्सव के अंतिम दिन 120 सदस्यों ने इसमें अपनी सहभागिता जताई और बहुत बड़े स्तर पर अरपा के लिए जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम दिव्य अरपा संगठन की सेक्रेटरी जनरल आरुषि सिंह के अगुवाई में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर निगम बिलासपुर के अपर आयुक्त ख़ज़ांची कुम्हार भी मौजूद रहे। दिव्य अरपा यूथ समिट के संस्थापक अभ्युदय शर्मा और सिद्धांत दुबे, डायरेक्टर जनरल गौरव अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### रंगकर्मी व नाट्य निर्देशक सुनील रायपुर में सुरूज सम्मान से सम्मानित



**बिलासपुर।** शहर के रंगकर्मी, नाट्य निर्देशक व अग्रज नाट्य दल बिलासपुर के संस्थापक सदस्य सुनील चिपड़े को सुरुज ट्रस्ट रायपुर ने कला के क्षेत्र में विशिष्ट के योगदान के लिए सुरुज सम्मान से सम्मानित किया है। ज्ञात हो कि श्री चिपड़े पिछले लगभग 40 वर्षों से रंगकर्म, आकाशवाणी बिलासपुर एवं अरपा रेडियो में बतौर कंटेंट राइटर, उद्घोषक, प्रस्तोता व ऑडियो प्रोग्राम एडिटर के रूप में सक्रिय हैं। इन्होंने 60 से ज़्यादा नाटकों का निर्देशन किया है। इसका मंचन शहर के साथ ही राज्य एवं देश के कई शहरों में किया गया है। वहीं 25 वर्षों से युवा एवं बाल नाट्य कार्यशालाओं का निर्देशन कर रहे हैं। शिक्षा में रंगमंच पर कार्य विषय पर डॉक्यूमेंट्री का निर्माण व निर्देशन में लगातार सक्रिय रहते हुए कला क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं।

### अटल बिहारी बाजपेयी विवि ने आरती को दी पीएचडी

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने आरती तिवारी को भारतीय समाज में विवाह के बदलते प्रतिमान बिलासपुर शहर के हिन्दू परिवारों के विशेष संदर्भ में शोध करने पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य शासकीय जेपी वर्मा कॉलेज के प्राध्यापक व समाजशास्त्री डा. महेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में पूरा किया है। आरती तिवारी वर्तमान में एसबीटी कॉलेज बिलासपुर में समाजशास्त्र विषय की सहायक प्राध्यापिका हैं। पीएचडी होने पर आरती ने अपने गुरुजन डा. महेश पाण्डेय, डा. केके अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है। वे योगेश तिवारी, राकेश तिवारी व शरद तिवारी की बहन हैं।



### राय के नेत्रदान से दो लोगों को मिलेगी ज्योति

**बिलासपुर।** राजेंद्र नगर चौक निवासी एमपी राय के निधन के बाद उनके परिजन ने उनकी इच्छा के अनुरूप नेत्रदान कराया। इस कार्य में सक्षम संस्था के प्रांत सचिव अनूप पांडेय ने नेत्र बैंक मेडिकल कॉलेज बिलासपुर के नेत्रदान सलाहकार धर्मेंद्र देवांगन से संपर्क किया। इसके बाद सिम्स के डॉ राहुल, डॉ अखिल और डॉ श्रद्धा ने घर जाकर नेत्रदान संपन्न किया। स्व. एमपी राय के कॉर्निया से दो दृष्टि बाधित लोगों की जिंदगी नई रौशनी मिलने से जगमगा उठेंगी।



## प्रमोशन-पोस्टिंग में गड़बड़ी

### अफसरों के खिलाफ आरोप पत्र जारी करने जांच अधिकारी ने शिक्षा सचिव को लिखा पत्र

# आठ महीने बाद भी जारी नहीं हुआ आरोप पत्र, शिक्षा विभाग में प्रमोशन-पोस्टिंग में गड़बड़ी की जांच अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षा विभाग में प्रमोशन-पोस्टिंग में हुई गड़बड़ी की जांच अटक गई है। इसका सबसे बड़ा कारण आरोपों के बाद निलंबन कार्रवाई के 8 माह बाद भी आरोप पत्र जारी नहीं होना है। अब मामले की जांच करने वाले अधिकारी इसे लेकर शिक्षा सचिव को पत्र लिखते हुए मामले में फंसे अफसरों को आरोप पत्र जारी करने कहा है, ताकि आगे की जांच और गवाही के दौरान अफसर अपना पक्ष भी रख सकें।

दरअसल 2023 के अप्रैल-मई महीने में शिक्षा विभाग ने पदोन्नति के लिए शिक्षकों की काउंसलिंग की इसके बाद मनचाहे स्थान पर लेनदेन कर ज्वाइनिंग कराने करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप में लगे शिकायत के बाद 4 संयुक्त संचालक सहित 12 अधिकारी-कर्मचारियों को सितंबर 2023 में निलंबित कर दिया गया, लेकिन अब तक किसी को आरोप पत्र जारी नहीं किया गया है। ऐसे में शासन द्वारा जांच अधिकारी एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक जेपी रथ को बनाया गया है।

अब इन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को पत्र लिखते हुए कहा है कि सभी अपचारी शासकीय सेवकों को अब तक आरोप पत्र सहित अन्य दस्तावेज नहीं मिला है। छ.ग. सिविल सेवा नियम 1966 के तहत सभी को आरोप पत्र सहित अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराते ताकि निर्धारित समय अवधि में जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सके।

### यह है पूरा मामला

प्रदेश के शिक्षा संभागों के संयुक्त संचालकों ने सहायक शिक्षकों की शिक्षक के पद पर पदोन्नति दी थी। इसमें 9,749 शिक्षकों ने काउंसिलिंग के लिए विकल्प भरा था और 867 ने सहमति नहीं दी थी। बिलासपुर संभाग में 2,785, दुर्ग संभाग में 1,505, रायपुर संभाग में 1,283, सरगुजा संभाग में 2,997 और बस्तर संभाग में 2206 शिक्षकों को पदोन्नति मिली थी। इनमें ज्यादातर शिक्षकों ने पदोन्नति के बाद पदस्थ किए गए स्कूलों में ज्वाइनिंग दे दी है। बाकी 2,723 शिक्षकों ने अपनी पदस्थापना में संशोधन कराया था। जिसमें अधिकारियों ने लेनदेन कर संशोधन करने का आरोप लगा है। इसमें रायपुर संभाग में 543 शिक्षकों, दुर्ग संभाग में 438, सरगुजा संभाग में 385 और बिलासपुर में 778 शिक्षकों की पदस्थापना में संशोधन किया गया है।

### शिकायत के बाद इनपर हुई कार्रवाई

प्रमोशन-पोस्टिंग घोटाले की शिकायत के बाद रायपुर के तत्कालीन संयुक्त संचालक के. कुमार, दुर्ग संभाग के संभागीय संयुक्त संचालक जीएस मरकाम, बिलासपुर के संभागीय संयुक्त संचालक एसके प्रसाद और सरगुजा संभाग में संभागीय संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय को निलंबित किया गया। इसके अलावा मामले में बलौदाबाजार-भाटापारा के डीईओ सी.एस. ध्रुव, रायपुर डाइट के प्राचार्य आर.के. वर्मा, संभागीय शिक्षा कार्यालय रायपुर के सहायक संचालक डीएस ध्रुव , सहायक संचालक शैल सिन्हा, सहायक संचालक ऊषा किरण खलको, विकास बीईओ धरसींवा रायपुर के संजयपुरी गोस्वामी और बीईओ बलौदाबाजार-भाटापारा एस.के गेंदेले, बिलासपुर के सहायक ग्रेड-2 विकास तिवारी को निलंबित किया गया।

### दस्तावेजों की मांग की गई

पदोन्नति- संशोधन गड़बड़ी के बाद जिन अधिकारी कर्मचारी को निलंबित किया गया है। उनके जांच संबंधित दस्तावेजों की मांग की गई है। दस्तावेजों की कमी की वजह से गड़बड़ी संबधी जांच नहीं हो पा रही है। ऐसे में अफसर भी अपना पक्ष नहीं रख पा रहे हैं।

**भूपेंद्र कुमार कौशिक,**
सहा. संचालक शिक्षा विभाग

## रायपुर में हुई उच्च अधिकार प्राप्त समिति की 63वीं बैठक

# आरबीआई की बैठक रायपुर के अलावा प्रदेश के अन्य केंद्रों में भी हो: केडिया

**बिलासपुर।** रिजर्व बैंक आफ इंडिया के एमएसएमई सेक्टर के लिए उच्च अधिकार प्राप्त समिति की 63 वीं बैठक छत्तीसगढ़ राज्य प्रमुख एवं महाप्रबंधक मोहन रावत की अध्यक्षता में होटल बेबीलान रायपुर में हुई। बैठक में महाप्रबंधक श्री रावत ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर को ऋण देने में सरलता एवं तत्परता का पालन किया जाना जरूरी है। 'क्रेडिट गारंटी फंड स्कीम' अंतर्गत ऋण देने को और अधिक बढ़ावा देने की जरूरत है। बैठक में विभिन्न बैंकों की ऋण देने के लक्ष्यों की समीक्षा की गई। बैठक में एकमात्र अशासकीय सदस्य एवं छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ प्रदेश अध्यक्ष हरीश केडिया ने कहा कि वर्ष में एक बार रिजर्व बैंक की एक बैठक छत्तीसगढ़ के अन्य प्रमुख केन्द्रों में करना जरूरी है क्योंकि आरबीआई के निर्देशों को रायपुर के बाहर समझा नहीं जाता है। बिलासपुर से इसकी शुरूवात हो। ग्राहकों की कठिनाइयों को समझने के लिए ग्राहक, उद्योग संघ एवं बैंकर्स की नियमित बैठकें जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमियों को ऋण मिलने में परेशानी है। श्री केडिया ने रायगढ़ जिले के सारगंढ़ तहसील के ग्राम गुंडली के उद्यमी सालासार इंटरप्राइजेस का उदाहरण दिया, जिसका अच्छा उद्यमी होने के बावजूद कार्यशील पूंजी वृद्धि नहीं हो रहा है।






### जमीन का मूल्यांकन करने बैंक अलग नीति बना रहे

श्री केडिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नई औद्योगिक नीति बन रही है, उसके कारण नए उद्योग आएंगे। कोल्ड स्टोरेज, वेयर हाउसिंग क्षेत्र में भी काफी संभावनाए हैं। उन्होंने कहा कि 'लोकपाल' को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाए। औद्योगिक प्रक्षेत्र में लीज डीड जमीन को फ्री होल्ड किया गया है फिर भी फ्री होल्ड जमीन का मूल्यांकन करने में अलग-अलग बैंक अलग-अलग नीति अपना रहे हैं। श्री केडिया ने स्टार्टअप, स्टैंडअप, मुद्रा योजना अंतर्गत ऋण देने में वृद्धि की मांग की है। बैठक में सेन्ट्रल बैंक क्षेत्रिय प्रमुख रामाकृष्णा नायक, बैंक आफ बड़ौदा के देवेश दमानी, सिडबी बैंक की उपमहाप्रबंधक श्वेता पांडे, स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक सहित एमएसएमई मंत्रालय, उद्योग विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।

## बकरीद 17 को, शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए तैनात रहेंगे सुरक्षा बल



**बिलासपुर।** ईद-उल-जुहा पर्व अर्थात बकरीद 17 जून को मनाया जाएगा। इस दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने जिला प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक ली गई।

जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता एडीएम आरए कुरूवंशी ने की। इसमें 17 जुलाई को ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। पुलिस विभाग को पर्व के दौरान शहर के समस्त चौक-चौराहों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम को पर्व के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था करने कहा गया। सिम्स एवं जिला अस्पताल को आपालकालीन स्थित से निपटने एम्बुलेंस, आपातकालीन चिकित्सकों एवं अन्य सहयोगी कर्मचारियों का दल तैनात रखने कहा गया। विद्युत विभाग को पर्व के दौरान निरंतर विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार अन्य विभागों को जिम्मेदारी सौंपते हुए सजग रहने कहा गया।

समिति के सदस्यों ने शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने का भरोसा दिलाया। बैठक में एडीशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा, संयुक्त कलेक्टर प्रवेश पैकरा, सीएसपी पूजा कुमार, उमेश गुप्ता, शांति समिति के सदस्य इरशाद अली, हबीब मेमन, सुधीर खण्डेलवाल, इकबाल हुसैन सहित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

### महेश नवमी पर रक्तदान शिविर 15 को

बिलासपुर। महेश नवमी पर 15 जून शनिवार को उद्योग भवन में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि इससे पहले प्रभात फेरी निकाली जाएगी और सुबह 6.30 बजे क्रांति नगर मंदिर में रुद्राभिषेक कार्यक्रम होगा। इसके बाद उद्योग भवन में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। साथ ही बच्चों के लिए इनडोर चेस व कैरम प्रतियोगिता होगी। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। घर में सभी भगवान महेश की पूजा वंदना, रंगोली बनाकर शाम को दीप जलाएंगे। भगवान शंकर की पूजा अर्चना कर समाज व परिवार की खुशहाली की कामना करेंगे। आयोजन समिति द्वारा अधिक से अधिक रक्तदाताओं से इस शिविर में भाग लेने का अनुरोध किया गया है।

## मुख्य मार्गों पर खड़े वाहन, नशे में गाड़ी चलाने वालों पर करें कार्रवाई

**बिलासपुर।** पुलिस महानिरीक्षक यातायात पुलिस मुख्यालय रायपुर ने 12 जुलाई को प्रदेश के सभी यातायात प्रभारियों की वर्चुअल बैठक ली। उन्होंने सड़क दुर्घटना रोकने मुख्य मार्ग पर खड़े वाहनों, नशे में वाहन चलाने वाले व माल वाहक वाहनों पर यात्री परिवहन करने वाले पर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात व्यवस्था के साथ-साथ प्रत्येक सड़क दुर्घटना के प्रकरणों में आईआरएडी की शतप्रतिशत प्रविष्टि करने निर्देशित किया।

- पुलिस महानिरीक्षक यातायात रायपुर ने ली अफसरों की वर्चुअल बैठक

बैठक में सहायक पुलिस महानिरीक्षक (यातायत) संजय शर्मा ने प्रत्येक जिलों की सड़क दुर्घटना संबंधी आईआरएडी की प्रविष्टि की जानकारी ली तथा सभी को शतप्रतिशत प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटना रोकने के आशय से मुख्य मार्गों पर खड़े वाहनों पर अधिकाधिक कार्रवाई, नशे में वाहन चलाने एवं माल वाहक वाहनों में यात्री परिवहन पर अधिकतम कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के लिए एक कार्य योजना तैयार की जानी है जिसमें मोटर यान अधिनियम कार्रवाई के तहत 25 प्रतिशत की वृद्धि की जानी है। मृत्यु कारित सड़क दुर्घटना में 10% की कमी लानी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 15 जिलों को इंटरसेप्टर वाहन भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें बिलासपुर भी शामिल है। इंटरसेप्टर वाहन में यातायात नियमों के उल्लंघन कर्ताओं पर कार्रवाई करने की सभी प्रकार की व्यवस्थाएं उपकरणों के साथ होती है। इसके संचालन के लिए 20 जून को कर्मचारी प्रशिक्षण के लिए भेजा जाना है। कार्रवाई में पारदर्शिता लाने के लिए अधिकारियों के द्वारा बॉडी वान कैमरा भी धारण करने की हिदायत दी गई। बैठक में बिलासपुर यातायात के डीएसपी संजय साहू, सब इंस्पेक्टर उमाशंकर पांडेय तथा एनआईसी के समीर चंद्राकर शामिल हुए।

## प्रदेश में एयू ने सबसे पहले जारी किया बीएड का रिजल्ट

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ प्रदेश में बीएड प्रथम वर्ष व फाइनल ईयर का परीक्षा परिणाम घोषित करने वाली पहली यूनिवर्सिटी है। अटल यूनिवर्सिटी ने आगामी शासकीय नौकरियों में युवाओं को अवसर प्रदान करने के मद्देनजर इस सत्र बीएड का सबसे पहले रिजल्ट जारी किया है।

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने आगामी नौकरियों को देखते हुए मंगलवार को बीएड प्रथम वर्ष और फाइनल ईयर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। बीएड प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम 87.25 प्रतिशत एवं बीएड अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम 92.93 प्रतिशत रहा। इस तरह सही समय पर परीक्षा परिणाम आने से विद्यार्थी खुश हैं कि उन्हें अब आने वाले समय में नौकरियों में आवेदन करने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा एवं सरकार द्वारा निकाले जाने वाली नौकरियों में बीएड में अध्ययनरत विद्यार्थी स्कूलों में अध्यापक पद के लिए पात्र होंगे। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरूणधर दीवान का कहना है कि विद्यार्थियों के हित के लिए लागातार काम करना और उनका हर एक अवसर जो सरकार द्वारा नौकरियों में निकल जा रहे हैं, उनका लाभ उन्हें मिले साथ में विद्यार्थी हित में लागतार कार्य के लिए अटल यूनिवर्सिटी प्रतिबद्ध है, उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए और अधिक से अधिक कोशिश कर रहे हैं कि परीक्षा परिणाम समय पर निकाले जाएं। पिछले वर्ष 8 जून को बीएड के परीक्षा परिणाम प्रदेश में सबसे अटल यूनिवर्सिटी ने जारी किया था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्कूलों में अध्यापकों के लिए पद निकाले जाने की घोषणा शासन द्वारा की गई थी। इस घोषणा के पश्चात ही अटल यूनिवर्सिटी विद्यार्थियों को अवसर का लाभ मिले इसलिए पर पहले बीएड का रिजल्ट जारी किया है। इस वर्ष लोकसभा चुनाव होने के वजह से परीक्षा की कुछ तिथियां बदली थी जिनमें से बीएड के अंतिम प्रश्न पत्र की परीक्षा 3 जून को रखी गई थी और सात दिवस के अंदर ही परीक्षा परिणाम जारी हो गया है, इसके लिए परीक्षा विभाग द्वारा प्राध्यापकों से सहयोग का आग्रह किया गया था। अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने कहा कि विद्यार्थियों के हित के लिए यूनिवर्सिटी लगातार कार्य कर रहा है।

- आगामी शासकीय नौकरी को देखते हुए शीघ्रता से परिणाम घोषित

## प्री मानसून के भी आसार, इससे समय पर बुआई भी हो सकेगी

# खेती पर महंगाई की मार, कृषि उपकरणों व मजदूरी में वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भाजपा सरकार ने 2023-24 में धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए कर दिया है। यह पिछले साल की तुलना में आठ फीसदी ज्यादा था है, लेकिन इस पर खेती करना महंगा हो गया है। कृषि उपकरण, रसायन, खाद, बीज और मजदूरी की बढ़ी दरों का औसत निकालें तो खेती लगभग 15 फीसदी महंगी हो गई है। हालांकि बेहतर मानसून की उम्मीद से किसानों को राहत है। अनुमान है कि इस बार मानसून समय पर आएगा और औसत से बेहतर बारिश होगी। मानसून से पहले जिले की समितियों में खाद बीज का भंडारण हो गया है। वहीं किसान भी खेती की तैयारी में जुटे हुए हैं। किसानों के मुताबिक ट्रैक्टर से जोताई का भाड़ा पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत भाड़ा बढ़ गया है। पहले एक घंटे के लिए एक हजार रुपए लगता था। अब एक घंटे का 1200 से 1300 लिया जा रहा है। अब जुताई के लिए बैल का इस्तेमाल और मजदूरी महंगी है। इसलिए ज्यादा किसान या तो ट्रैक्टर रखते हैं या फिर किराए से लेकर जुताई कराते हैं। दूसरी ओर बढ़ते खाद बीज के दाम से भी किसान चिंता में हैं।

दरअसल सालों से किसान बीज नहीं रखते हैं। हर बार किसान खरीदी कर खेती कर रहे हैं। ऐसे में जिस मोटे धान का बीज 2800 रुपए में मिलता था व 3200 हो गया है। यानि सीधे 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसे तरह पतला में 900, संगधित धान 1 हजार, मंगू 1200, मूंगफली में 2400 के साथ अन्य दलहन-तिलहन के बीज के दाम बढ़े हैं। हालांकि खाद में ज्यादा अंतर नहीं आया है, लेकिन 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

### अब खेती करने के लिए नहीं मिल रहे श्रमिक

दूसरी ओर समय से साथ खेती करने की तरीका भी बदला है। अब जिले के अधिकांश किसान मशीन का उपयोग कर जोताई, बुआई, कटाई व मिसाई कर रहे हैं। इससे ग्रामीण मजदूर अब दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। यह पलायन का बड़ा कारण है। इसके कारण किसानों को श्रमिक भी नहीं मिलते हैं। पिछले साल पुरुष 250 तो महिला 160-170 मजदूरी लेती थीं। इस साल पुरुष की 20 प्रतिशत तो महिलाओं की 25 प्रतिशत मजदूरी बढ़ गई है। इसके साथ ही कृषि उपकरण में 3 प्रतिशत तो दवा में 10 फीसदी महंगी हुई है। ध्यान रहे कि किसानों को खेती के लिए मोटर पंप, पाइप के साथ कीटनाशक का उपयोग करना पड़ता है। पिछले साल से इस साल कृषि उपकरण में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, कीटनाशक दवा में 10 प्रतिशत दाम बढ़ा है। एक हार्डवेयर संचालन के बताया कि पहले सबमर्सिबल पंप 12500 मिलता था, इस बार 12900 रुपए हो गया है। इसी तरह सभी कृषि उपकरण में 3 से 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

### किया जा रहा खाद का वितरण

जिले के सभी सहकारी समितियों में किसान खाद का अग्रिम उठाव कर रहे हैं। मानसून से पहले किसानों को परेशानी न हो, इसके लिए समितियों में खाद वितरण किया जा रहा है।

-शंभू गुप्ता, डीएमओ

## एजुकेशन प्लस

### ब्रिलिएंट के अंशुमन ने किया जेईई एडवांस में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बिलासपुर।** ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल बहतराई के कक्षा 12 वीं के स्टूडेंट अंशुमन सिंह ने जेईई एडवांस 2024 की परीक्षा में आल इंडिया रैंक 6906 प्राप्त कर शहर व शाला परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। स्कूल की प्राचार्य डा. श्रुति ने बताया कि अंशुमन ने जेईई एडवांस की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा स्कूल के अर्श बैरागी का कैटेगरी रैंक 48 व अन्य विद्यार्थियों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा।

स्कूल के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व निदेशक प्राचार्य डा. श्रुति गुप्ता ने अंशुमन सहित अन्य प्रतिभागी विद्यार्थियों व उनके परिवारजन को उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### आई-किड्स किंगड्म जूनियर में समर कैंप, बच्चे सीखेंगे डांस, चित्रकला



**बिलासपुर।** करबला रोड स्थित आई-किड्स किंगड्म जूनियर में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

यह कैंप बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ अनेक गतिविधियों को सीखने आदर्श मंच है। इस कैंप में बच्चे खेलकूद के साथ संगीत, डांस, चित्रकला, फोनिक्स, वाटर पूल, सैंड एक्टिविटी जैसे अनेक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। संस्कार विधि द्वारा बच्चों को जीवन जीने की कला से अवगत कराया जाएगा। 22 जून तक चलने वाले इस कैंप में भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इस कैंप में होने वाले गतिविधियों से बच्चों का बौद्धिक विकास होगा। उनके व्यक्तित्व में निखार के साथ शारीरिक क्षमता बढ़ेगी। यह कैंप सुबह 8.30 बजे से 11 बजे तक लगेगा। आई-किड्स किंगड्म के डायरेक्टर ने बताया कि आई-किड्स किंगड्म जूनियर को बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ अपनी विभिन्न गतिविधियों के लिए भी जाना जाता है। यहां पीजी नर्सरी से लेकर क्लास - 2 की कक्षाएं अनुभवी शिक्षिकाओं द्वारा नई शिक्षा पद्धति के अनुसार संचालित की जाती है। इन कक्षाओं के लिए प्रवेश प्रारंभ है।

12- JUN- BSP- PG-3 ZINDAGI_Layout 1 6/12/2024 11:43 PM Page 1

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 13 जून 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



एजुकेशन अपडेट

## व्यापमं ने मंडी बोर्ड के लिए फिर से मंगाई दावा-आपत्ति कल तक

**बिलासपुर।** छग राज्य कृषि विपणन अर्थात मंडी बोर्ड के अंतर्गत सहायक संचालक, सचिव वरिष्ठ और सचिव कनिष्ठ भर्ती परीक्षा के मॉडल उत्तर व्यापम द्वारा एक मार्च को प्रदर्शित किया गया था। अभ्यर्थियों से 4 मार्च तक दावा आपत्ति मंगाई गई थी। अब व्यापमं ने इसके लिए पुनः दावा आपत्ति मंगाई है। व्यापमं के मुताबिक, दावा-आपत्ति आमंत्रण का लिंक तकनीकी कारणों से निर्धारित समय के पूर्व समाप्त हो गया था। इसके कारण कुछ अभ्यर्थी द्वारा भर्ती परीक्षा में दावा-आपत्ति दर्ज नहीं कर पाए थे। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर पुनः दावा आपत्ति मंगाने का निर्णय किया गया है। व्यापम द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, उक्त परीक्षा के मॉडल उत्तर पर दावा-आपत्ति व्यापम की वेबसाइट पर दिनांक 14 जून अपरान्ह 3 बजे तक पुनः आमंत्रित किया जा रहा है। अभ्यर्थी वेबसाइट में प्रदर्शित उत्तरों पर सप्रमाण दावा-आपत्ति अपने व्यापमं प्रोफाइल में लॉगिन कर दर्ज करा सकते हैं। डाक एवं स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत की गई दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।




### पक्ष में पेश करने होंगे दस्तावेज

व्यापम के अनुसार, पूर्व में जो अभ्यर्थी दावा-आपत्ति दर्ज करा चुके हैं, उन्हें पुनः दावा-आपत्ति दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है। पोर्टल पर दावा-आपत्ति के लिए अभ्यर्थी को अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं पासवर्ड डालकर प्रोफाइल में लॉगिन करना होगा और निर्देशानुसार दावा-आपत्ति दर्ज करानी होगी। दावा-आपत्ति दर्ज कराने की विस्तृत प्रक्रिया का मुख्य पृष्ठ पर दी गई है। दावा-आपत्ति को पोर्टल पर पंजीकृत कराने से पूर्व आपत्ति के पक्ष में दिए जाने वाले दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी अपलोडिंग के तैयार रखने के निर्देश व्यापमं ने दिए हैं।

एजुकेशन अपडेट

## आईआईटी, एनआईटी में सीएस आईटी ब्रांच की डिमांड अधिक

**18 तक पंजीयन, पहली लिस्ट 20 को होगी जारी**

**बिलासपुर।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) मद्रास की ओर से ज्वाइंट एंट्रेंस टेस्ट जेईई एडवांस्ड के रिजल्ट जारी हो गए हैं। अब ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी के अनुसार काउंसिलिंग होगी, इसके लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पंजीयन 18 जून तक होगा। इसके बाद प्रवेश के लिए पहली लिस्ट 20 जून को आएगी। इस बार जोसा में आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आईटी और गवर्नमेंट एफिलिएटेड टेक्निकल इंस्टीट्यूट समेत देश के कुल 121 टेक्निकल इंस्टीट्यूट शामिल हैं। कंप्यूटर साइंस (सीएस) और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) ब्रांच की डिमांड सबसे ज्यादा है। पिछले कुछ वर्षों में यह देखा जा रहा है कि इन दोनों ब्रांच में एडमिशन के लिए सबसे ज्यादा आवेदन आए हैं। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच का चयन भी ज्यादा छात्र कर रहे हैं। पिछले साल आईआईटी भिलाई में सीएस की पहली लिस्ट में 3 हजार से 5 हजार रैंक वाले छात्रों को प्रवेश मिला था। वहीं एनआईटी में होम स्टेट सीटों में 10 हजार से 19 हजार रैंक और ऑल इंडिया की सीटों में 9 हजार से 11 हजार रैंक वाले छात्रों का चयन हुआ था।

### इन संस्स्थानों में मिलेगा प्रवेश

इस बार रजिस्ट्रेशन शुल्क में एक हजार रुपए की बढ़ोतरी हुई है। पिछली बार शुल्क 4 हजार रुपए था। इस बार 5 हजार रुपए खर्च करने होंगे। छत्तीसगढ़ में आईआईटी भिलाई, एनआईटी रायपुर, ट्रिपलआईटी नया रायपुर समेत अन्य इंस्टीट्यूट जोसा की काउंसिलिंग में शामिल हैं।

### 75 से अधिक या टॉप 20 परसेंटाइल जरूरी

प्रोफेसर डॉ अनुराग सचदेव ने बताया कि काउंसिलिंग के पहले पांच राउंड जोसा से होंगे। इसके बाद दो राउंड सेंट्रल सीट एलोकेशन बोर्ड से होंगे। सीसैब से आईआईटी को छोड़कर अन्य में एडमिशन दिए जाते हैं। काउंसिलिंग के लिए बारहवीं में 75 प्रतिशत से ज्यादा या टॉप 20 परसेंटाइटल वाले छात्र ही एलिजिबल हैं। आरक्षित वर्ग के लिए छूट का प्रावधान है। प्रदेश के आईआईटी भिलाई में कुल 6 ब्रांच है, इनमें यूजी की 243 सीटें हैं।

शिविर

## नाड़ी शोधन करने से बढ़ती है बौद्धिक क्षमता



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में ब्रह्माकुमारीज ओम शांति सरोवर उसलापुर के प्रांगण में 11 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें नाड़ी शोधन की विधि के साथ फायदे भी बताएं कि इसे करने से याददाश्त शक्ति, बौद्धिक क्षमता बढ़ती है।

कार्यक्रम का शुभारंभ बहन अनुराधा शर्मा हॉस्टल अधीक्षिका, भ्राता राजवीर सिंह हेल्थ ट्रेनर, बीके छाया दीदी ब्रह्मा कुमारीज उसलापुर सेवा केंद्र संचालिका, बीके दुर्गा बहन बरगवा सहित अन्य बीके बहनों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस भ्राता राजवीर सिंह हेल्थ ट्रेनर ने विभिन्न प्रकार के आसन, प्राणायाम कराया। उन्होंने कमर व घुटनों के दर्द से मुक्त होने वाले आसन बताए। जिसमें सर्पासन, मरकट आसन, अर्द्ध मरकट आसन, तितली आसन आदि शामिल रहा। अनुलोम, विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम भी कराया। उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए घरेलू नुस्खे भी बताएं। महिलाओं में कैल्शियम की कमी को दूर करने के लिए बताया कि रात को दो चम्मच तिल भिगोकर सुबह चबा-चबा कर खाने से हड्डियां मजबूत होती है। जोड़ों में दर्द की तकलीफ दूर होती है।

**ओम शांति सरोवर उसलापुर में चल रहा 11 दिवसीय योग शिविर**

### आध्यात्मिक उन्नति के लिए जरूरी है ईश्वर चिंतन

बीके छाया दीदी ने बताया कि शरीर स्वस्थ रखने के लिए योगासन, प्राणायाम एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए ईश्वर चिंतन, स्व-दर्शन करना आवश्यक है। हम शरीर में रहने वाली चैतन्य ज्योति हैं। यह हमें शांति की खुशी की अनुभूति कराती है। हमें शांति के लिए कहीं और बाहर भटकने की आवश्यकता नहीं है।

# नाट्य शास्त्र, कथक और मुद्राओं की कला में पारंगत हो रहे रंगकर्मी

संगम नाट्य समिति के बैनर तले 15 दिवसीय प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसमें शहर के रंगकर्मियों को बॉडी मूवमेंट, डायलॉग, एक्टिंग, म्यूजिक, डांस, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, बॉडी लैंग्वेज, स्टेज मैनेजमेंट, सेट, प्रॉप्स आदि की जानकारी दी जा रही है। बैक ग्राउंड म्यूजिक और भरत मुनि द्वारा रचित पांचवें वेद यानी नाट्य शास्त्र की जानकारी पर भी विशेष बल दिया जा रहा है।



राजेंद्र नगर हाईस्कूल में चल रही प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला



### ये हैं प्रशिक्षार्थी

कार्यशाला में मनीषा, संस्कृति सिंह, मोहित बंशीवाल, खुशी कश्यप, रेखा पटेल, आदर्श श्रीवास, अंकना कछवाहा, अंजना दीप, अमित, अदिति, अंजली बंजारे, विजय खैरवार, सतीश, अनीश, गोविंदा गंधर्व, शैलेश सहित कई रंगकर्मी साथी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### नाटक का मंचन 15 को होगा नागपुर में

अमित कछवाहा ने बताया कि कार्यशाला में नृत्य का प्रशिक्षण मनीषा पाल द्वारा दिया जा रहा है। जिसमें कथक की मुद्राओं और फिल्मी गीतों की नृत्यों पर जोर दिया जा रहा है। कार्यशाला में लगभग 15 रंग कर्मी साथी आ रहे हैं, जो अभिनय, गीत, संगीत, नृत्य और नाटकीय तत्व की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। अभी जो नाटक तैयार किया जा रहा है, इसकी प्रस्तुति कन्हान थिएटर फेस्टिवल नागपुर में 15 जून को की जाएगी। कार्यशाला में स्कूल के प्राचार्य डॉ. मोहन लाल पटेल का पूरा सहयोग मिल रहा है।

### ये है नाटक की कहानी

मुंशी प्रेमचंद नाटक की कहानी भी कुछ इस प्रकार है। बड़ा भाई दिन भर पढ़ते रहता है, जबकि छोटा भाई पढ़ाई के साथ ही खेलकूद, पतंगबाजी आदि में भी रुचि रखता है। जिसके कारण छोटे भाई का मानसिक और शारीरिक विकास साथ-साथ होता है। बड़े भाई का ज्यादा पढ़ लेने से मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है। वह बार-बार फेल होता है। छोटे भाई के पास होने के कारण उसे गुस्सा और चिड़चिड़ापन दोनों होता है। जिससे छोटे भाई को बार-बार डांटते रहता है। इस प्रकार कहानी कई झंझावातों से गुजरती है। यह नाट्य कार्यशाला शैलेन्द्रमणि कुशवाहा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर नेहरू चौक के पास बिलासपुर में की जा रही है।

### उत्साहित हैं प्रतिभागी कलाकार

कार्यशाला के सहायक निर्देशक रोहित वैष्णव का कहना है कि पिछली कार्यशाला के मुकाबले इस बार प्रतिभागी कलाकारों खासकर लड़कियों में उत्सुकता देखी जा रही है। वहीं कई नवोदित कलाकार जुड़े हैं। जो रंगमंच की बारीकियों को जानने के लिए उत्सुक हैं। उनके भीतर कला और रंगमंच के प्रति स्नेह का भाव और सीखने की ललक देखी जा रही है। आने वाले समय में संस्कृति विभाग द्वारा आर्थिक सहयोग मिलने पर इसे और बेहतर ढंग से करने उनका प्रयास रहेगा।

**बिलासपुर।** आयोजकों का कहना है कि कार्यशालाओं के माध्यम से नाट्य विधा की तकनीकी जानकारी तो मिल जाती है, लेकिन नाटक शास्त्र की तरह है। इस बात को यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले बच्चे और प्राध्यापक ही जानते हैं, इसलिए इस कार्यशाला में पंचम वेद (नाट्य शास्त्र) पर विशेष बल दिया जा रहा है। इस कार्यशाला की एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि इसे शिक्षा से जोड़ा जा रहा है। पढ़ाई के साथ ही खेलकूद और व्यायाम भी आवश्यक है। आधुनिक समय टेक्नोलॉजी का है। लोगों के पास समय नहीं है। युवाओं में मोबाइल के प्रति दिलचस्पी ज्यादा देखने को मिल रही है। इससे शारीरिक गतिविधि कम होती जा रही है। जिसके कारण बच्चों का दिमाग परिपक्व नहीं हो पाता है। एक समय के बाद जब जिम्मेदारी बढ़ती है तो उनको उस कार्य को पूर्ण करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इन्हीं बातों को दृष्टिगत रखते हुए मुंशी प्रेमचंद की कहानी बड़े भाई साहब का चयन कर उसका नाट्य रूप तैयार किया जा रहा है।

# यातायात के नियमों का पालन करना सभी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी - बीके संतोषी



**बिलासपुर।** पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे चेतना अभियान अतुलनीय बिलासपुर सुरक्षित बिलासपुर के अंतर्गत लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने का कार्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन के द्वारा निरंतर जारी है। इसी कड़ी में सत्यम चौक में पिछले 12 दिनों से निरंतर यातायात की पाठशाला लगाकर ब्रह्माकुमारी एवं सहयोगी संगठनों के द्वारा आने-जाने वाले वाहन चालकों को यातायात के नियमों के प्रति जागृत कर रहे हैं। 2 व्हीलर वालों को हेलमेट लगाकर एवं फोर व्हीलर वाले सीट बेल्ट लगाकर तथा वाहन की सीमित गति में रखकर वाहन चलाएं, जिससे वह सुरक्षित अपने घर पहुंच सकें। उन्होंने आने-जाने वाले सभी नागरिकों को यातायात के नियमों से अवगत कराया तथा विशेष अनुरोध किया कि यातायात के नियमों का पालन करना हमारे और हमारे परिवार की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। ये सभी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी है। वाहन चलाने वाला भी सुरक्षित रहे एवं अन्य यात्री भी सुरक्षित रहे। ब्रह्माकुमारीज के इस मंच में श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव शुक्ला, टिकेश्वर साव, आर्यन फिल्म के आर्यन तिवारी एवं विकास वर्मा, लॉयन्स क्लब के कमल छाबड़ा आदि उपस्थित रहे।

### नियमों का सभी करें पालन

राजयोग भवन की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके संतोषी दीदी ने नगरवासियों से विशेष अनुरोध किया कि हम यहां पर यातायात की पाठशाला तो लगा रहे हैं परंतु आप अपनी सुरक्षा के लिए यातायात के हर प्रकार के नियमों का पालन करें, जिससे आपका परिवार सुरक्षित रहे, निश्चिंत रहे। इस अवसर पर बीके नवीन, बीके शरनजीत, बीके परमानंद आदि ने विशेष यातायात के नियमों के नारों के द्वारा आने जाने वाले वाहन चालकों को जागृत किया। बीके राघवेन्द्र, बीके हेमा, बीके सरोज, बीके अंबिका आदि का विशेष सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय अधिवेशन में बिलासपुर के सक्षम की सदस्यों ने लिया हिस्सा




### महाराष्ट्र में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा रही आकर्षण की केंद्र

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय संगठन सक्षम का राष्ट्रीय अधिवेशन महर्षि स्त्री शिक्षण संस्थान कर्वे नगर पुणे महाराष्ट्र में आयोजित किया गया। इसमें बिलासपुर सहित पूरे भारत देश के सभी प्रांतों से लगभग 11 सौ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। महाराष्ट्र में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा आकर्षण की केंद्र रही। इस अधिवेशन का मुख्य आकर्षण देश के विभिन्न प्रांतों से आए हुए प्रतिनिधियों द्वारा अपने पारंपरिक वेशभूषा में निकाली गई शोभायात्रा रही। इसमें छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा की झांकी भी शामिल रही। देश के सभी प्रांतों के लोग छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वेशभूषा में गईं सक्षम की सदस्यों के साथ सेल्फी लेते रहे। उन्हें छत्तीसगढ़िया पोशाक बहुत पसंद आ रहा था। वहीं उनका नारा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया ने भी धूम मचा दी। अधिवेशन में भाग लेकर लौटे सक्षम के सदस्यों ने बताया कि अधिवेशन में विभिन्न व्याख्यान सत्रों में दिव्यांगों की सशक्तिकरण पर विस्तृत विचार विमर्श एवं वर्ष भर की रणनीति बनाई गई। समापन सत्र के मुख्य वक्ता ने सक्षम के सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हमें सभी दिव्यांगों की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन ,सामाजिक विकास के लिए सतत कार्य करते रहना चाहिए। दिव्यांग अतिथियों ने अपने-अपने संघर्ष की गाथा का बयान करते हुए बताया कि हम सभी ने दिव्यांग होते हुए भी संघर्ष किया और स्वावलंबी होकर अन्य दिव्यांगों को स्वावलंबी बनाने का प्रयास कर रहे हैं।



**इनकी रही सहभागिता :** बिलासपुर से अनूप पांडेय, अंजलि चावड़ा, शेफाली, निर्मल घोष, रेखा मदन मोहन गुल्ला, पूनम, राजेश पांडेय, कवर्धा से डॉ दिलीप तिवारी, रायपुर से रामजी राजवाड़े, पदमा शर्मा, अविनाश चटर्जी, जांजगीर-चांपा से डॉ संतोष सोनी सहित छत्तीसगढ़ प्रांत से 24 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

स्पोर्ट्स न्यूज

**ईगल फैंस और जॉर्डन 11 के बीच होगा फाइनल**

## रूल ब्रेकर और ईगल फैंस ने जीता मैच



**बिलासपुर।** बास्केट बॉल लिटिल लीग सीजन 3 में खिलाड़ी बढ़ चढ़कर प्रदर्शन कर रहे हैं। लीग में 5 टीमें शामिल हुई हैं, जिसमें जॉर्डन 11, कोबरा काई, नो रूल्स, रूल्स ब्रेकर, ईगल फैंस टीम शामिल हैं। इसमें रूल ब्रेकर और कोबरा काई के बीच मुकाबला हुआ और रूल ब्रेकर ने 25 अंकों से जीत दर्ज की। मुकाबले में हनी और आदित्य सिंह ने शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए अपनी टीम को 25 अंकों की बढ़त दिलाई। इसके बाद जॉर्डन 11 और ईगल फैंस के बीच मैच खेला गया, ईगल फैंस ने 34-39 से मात देकर जीत हासिल की। इसमें सागर वाधवानी, अथर्व यादव ने शानदार प्रदर्शन किया। इस मैच के निर्णायक सौम्य संतवानी, सोयम सारथी, हिमांशू कामले, विशाल टंडन, गूंजा केसरवानी, समीक्षा भोसले रहे। लीग का फाइनल मुकाबला ईगल फैंस और जॉर्डन 11 के बीच होगा। तीसरे स्थान के लिए नो रूल्स और रूल ब्रेकर के बीच भिड़ंत होगी। मैच के मुख्य अतिथि एलसीआईटी कालेज क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल रहे। बास्केटबाल संघ के सचिव डा. सुधीर राजपाल सह सचिव आनंद सिंह सीनियर खिलाड़ी मोहन निषाद,विकास गोरख,अमित पिल्ले शामिल रहे।

**बास्केट बॉल लिटिल लीग सीजन 3 में खिलाड़ी दिखा रहे दम**

## आयुष-अभिजीत की ताबड़तोड़ पारी से बिलासपुर ने बनाए 220 रन, बस्तर को 43 रनों से हराया

**आयुष ने 39 गेंदों पर ताबड़तोड़ 91 और अभिजीत ने 8 रन जोड़े**

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रीमियर क्रिकेट लीग के 11वें मैच में बिलासपुर बुल्स का सामना बस्तर बायसंस हुआ। इसमें बिलासपुर के खिलाड़ियों ने अपने आक्रमक खेल दिखाते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 220 रन बनाए। आयुष ने 39 गेंदों पर 91 रनों की तूफानी पारी खेली। इसमें उन्होंने 7 छक्के व 7 चौके जड़े। इसी प्रकार अभिजीत टाह ने 55 गेंद पर 80 रन बनाए। उन्होंने 5 छक्के व 7 चौके जमाए। वहीं 221 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बस्तर की टीम 18.1 ओवर में 177 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बिलासपुर बुल्स ने यह मैच 43 रनों से जीत लिया।




पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिजीत व आयुष की जोड़ी ने पहले ओवर से ही बस्तर के गेंदबाजों को बैकफुट पर रखा। दोनों ही बल्लेबाजों 13 ओवर में 150 रन ठोक डाले। बुल्स का पहला विकेट 153 पर गिरा। इसके बाद लगातार अंतराल में विकेट गिरते गए और आखिरी 7 ओवर में टीम ने 67 रन जोड़े। वहीं बस्तर बायसंस की शुरुआत भी अच्छी रही। उनके सलामी बल्लेबाज शशांक चंद्राकर ने तूफानी पारी खेलते हुए 25 गेंदों पर 77 रन बनाए। इसमें उन्होंने 4 चौक व 9 छक्के जड़े। हालांकि उनके अलावा टीम का कोई और बल्लेबाज क्रीज पर ज्यादा देर नहीं टिका। बस्तर की टीम 18.1 गेंद में 177 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बिलासपुर बुल्स के लिए कप्तान शशांक सिंह ने 3, वरुण सिंह भुवे व जितेश वर्मा ने 2-2 विकेट हासिल किए। इस जीत के साथ ही बिलासपुर के 12 अंक हो गए हैं।



# सनी देओल ने बदला अपना लुक शर्टलेस होकर शेयर किया वीडियो

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल ने 'गदर 2' के साथ एक बार फिर से इंडस्ट्री में धमाकेदार वापसी की है। सनी की 'गरद 2' ने बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रख दिया। ऐसे सालों बाद सनी को गदर में देखकर फैंस काफी खुश नजर आए। फिल्म के हिट होते ही सनी एक बार फिर से खबरों में बने हुए हैं। इस वक्त उनकी झोली में कई बड़ी फिल्में हैं। वहीं, सनी का नया लुक चर्चा में बना हुआ है। 66 साल के सनी ने अपने नए लुक से सोशल मीडिया पर गदर मचा दिया है। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक्टर अपने लुक से 40 साल से भी कम नजर आ रहे हैं। वीडियो में सनी बिना शर्ट के दिख रहे हैं। उन्होंने सिर पर एक ब्लैक कलर की टोपी और काला चश्मा लगाया है।

लाइफ Style



# आलिया
## 'कल्कि 2898 एडी' की तारीफ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जल्द ही आलिया निर्देशक संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी नजर आएंगे।

आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट स्टोरी पर 'कल्कि 2898 एडी ' का ट्रेलर साझा किया। साथ ही उन्होंने अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण, दिशा और निर्देशक नाग अश्विन सहित फिल्म के सभी कलाकारों को टैग करते हुए लिखा, 'यह अवास्तविक लग रहा है' एक क्लैप इमोजी के साथ। आलिया भट्ट आखिरी बार रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में नजर आई थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जल्द ही आलिया निर्देशक संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी नजर आएंगे। अब जब फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ तो इसमें दिशा का लुक भी सामने आ गया। जब से फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है, तभी से प्रशंसकों और सितारों की प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई थीं, अब फिल्म के ट्रेलर को लेकर आलिया भट्ट की प्रतिक्रिया आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्रभास ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि निर्देशक नाग अश्विन ने फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को वैश्विक दर्शकों को ध्यान में रखते हुए बनाई है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए बनाई गई है, जिस वजह से इसका बजट काफी तगड़ा है।

## हॉलीवुड मसाला



# कानूनी फीस भरते-भरते कर्ज में डूबे

**लॉस एंजिलिस।** दो बार के ऑस्कर विजेता मशहूर हॉलीवुड अभिनेता केविन स्पेसी पर कुछ वर्ष पहले यौन उत्पीड़न कई आरोप लगे थे। हालांकि, बीते वर्ष वे सभी आरोपों से बरी हो गए। यौन उत्पीड़न और अनुचित व्यवहार के किसी मामले में वे दोषी नहीं पाए गए। लेकिन, खुद पर लगे आरोपों के बाद उनके कई वर्ष कोर्ट के चक्कर काटते हुए बीते और कानूनी फीस का खर्चा भी बेहिसाब आया। अब हालात ऐसे हो चुके हैं कि अभिनेता कर्ज के बोझ तले दबे हैं।



# ड्वेन जॉनसन को 'द स्मैशिंग मशीन' के सेट पर लगी चोट

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता ड्वेन जॉनसन को फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' के सेट पर दाहिनी कोहनी में काफी गंभीर चोट लगी है। अभिनेता ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि जॉनसन की चोट से प्रोजेक्ट पर असर पड़ेगा या नहीं, क्योंकि चोट पर किसी भी टिप्पणी के लिए ए24 से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका।ड्वेन जॉनसन ने हाल ही में, इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट कर फैंस को इसकी जानकारी दी है। ड्वेन ने कहा, 'जैसा कि आप लोग जानते हैं, मैं 'द स्मैशिंग मशी'न नामक एक फिल्म की शूटिंग कर रहा हूं , और जब भी आपकी फिल्म का नाम 'द स्मैशिंग मशीन' होता है , तो आप चकनाचूर हो जाते हैं।' अपनी कोहनी में सूजन की ओर इशारा करते हुए अभिनेता ने आगे कहा, 'ऐसा लगता है कि मेरी कोहनी के निचले हिस्से में खरबूजा जैसा कुछ है।



# पर्दे पर देख पाएंगे किरण की कहानी

**नई दिल्ली।** बायोपिक किसी प्रेरणादायी शख्सियत की जिंदगी से लोगों को रूबरू कराने और उन्हें प्रेरित करने का एक बेहतरीन तरीका है। बीते कुछ समय में कई बेहतरीन बायोपिक फिल्में बनी हैं, जिन्हें दर्शकों ने सराहा भी है। जल्द ही फ्रीस्टाइल तैराकी में भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की बायोपिक 'चंदू चैंपियन' भी रिलीज होने वाली है, जिसमें अभिनेता कार्तिक आर्यन मुख्य किरदार निभाते नजर आने वाले हैं। इस बीच अब भारत की पहली महिला आईपीएस अधिकारी डॉ. किरण बेदी पर भी बायोपिक बनने जा रही है। दर्शक जल्द ही किरण बेदी की जिंदगी को पर्दे पर देख पाएंगे। 11 जून को फिल्म के निर्माताओं ने एक वीडियो जारी करते हुए इसकी घोषणा की है।



# ललित ने कुमार सानू से जताई नाराजगी

**मुंबई।** शाहरुख खानी की फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से है। इस फिल्म को देश-विदेश दोनों से बहुत प्यार मिला। वहीं, इस फिल्म के गाने आज भी लोगों की जुबान पर चढ़े रहते हैं। हालांकि, अब इस फिल्म के लिए गाना कंपोज करने वाली जोड़ी जतिन-ललित के ललित पंडित ने कुमार सानू संग नाराजगी व्यक्त की है। ललित पंडित ने कहा कि ये थोड़ा परेशान करने वाला है कि तुझे देखा तो ये जाना सनम गाने वाले कुमार सानू ने गाने के बोल लिखने वाले आनंद बक्शी और गाने के लिए संगीत तैयार करने के लिए हमें (जतिन-ललित) कभी क्रेडिट नहीं दिया। उन्होंने कहा कि उनका (कुमार सानू) लगातार ये कहना कि ये'मेरा गाना है, मेरा गाना है', ये बात अच्छी नहीं है। कंपोजर ललित पंडित ने कहा कि एक गाना कभी भी पूरी तरह के किसी गायक का नहीं होता है।

# 'कल्कि 2898 एडी' के लिए फैंस कर रहे विशेष शो की मांग

**मुंबई।** नाग अश्विन निर्देशित 'कल्कि 2898 एडी' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। बड़े-बड़े सितारों से सजी इस फिल्म का देश-विदेश में दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में भारतीय पौराणिक कथाओं और साइंस-फिक्शन का मिश्रण देखने को मिलने वाला है।



फिल्म की रिलीज डेट 27 जून निर्धारित की गई है। बीते सोमवार की शाम ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया है। ट्रेलर के बाद फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फैंस आंध्र प्रदेश के शहरों में बड़े पैमाने पर विशेष शो की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा हैदराबाद में भी सुबह 3 बजे से विशेष शो की योजना बनाई जा रही है। गौरतलब है कि राज्य में सरकार बदली है। पिछली सरकार में विशेष शो को लेकर उतनी तवज्जो नहीं दी जाती थी, लेकिन अब सरकार बदलने के बाद विशेष शो के लिए अनुमति मिलने की उम्मीद फैंस द्वारा जतायी जा रही है। कल्कि 2898 एडी को लेकर लगातार उत्सुकता बढ़ती जा रही है, ऐसे में हो सकता है कि राज्य में विशेष शो आयोजित किए जाएं। रिपोर्ट के मुताबिक, आंध्र प्रदेश में विशेष शो रात 1 बजे शुरू हो सकते हैं, इसके लिए फैंस द्वारा अभी से अनुमति मांगी जा रही है। फिल्म में सुपरस्टार प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण, दिशा पटानी, बह्मानंद, शोभना, राजेंद्र प्रसाद, पाशुपति आदि कलाकार दिखाई देंगे।

## फिर भी इन सितारों ने ठुकराया शो का ऑफर

# बिग बॉस की बदौलत मिलता है दौलत, शोहरत और करियर के मौके

*नई दिल्ली। बिग बॉस भारतीय टेलीविजन पर सबसे लोकप्रिय टीवी शो में से एक है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान होस्ट करते रहे हैं। अब की बार अनिल कपूर होस्ट करने वाले हैं। यह शो बिग ब्रदर पर आधारित है, जिसमें एक-दूसरे को न जानने वाले सेलिब्रिटी एक साथ रहते हैं। कई सेलिब्रिटी को बिग बॉस में भाग लेना बेहद मुश्किल लगता है और कई बार संपर्क किए जाने के बावजूद उन्होंने घर में प्रवेश करने के निमंत्रण को ठुकरा दिया है। आज हम आपको कुछ ऐसे सितारों के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने कई बार ऑफर मिलने के बावजूद लोकप्रिय रियलिटी टेलीविजन शो बिग बॉस का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है।*



**अनुषा दांडेकर :** इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है अनुषा दांडेकर का। अभिनेत्री अनुष्का दांडेकर को लेकर खबर आ रही थी कि वे इस बार बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का हिस्सा बनने वाली हैं, जिसे अनिल कपूर होस्ट करने वाले हैं। हालांकि, इस अफवाहों का खंडन करते हुए अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा की थी और उन्होंने बताया था कि वे बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 में शामिल नहीं हो रही हैं। साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया था कि उन्हें कई बार बिग बॉस का ऑफर मिला है और वे इसे पहले ही ठुकरा चुकी हैं।



**फैजल खान :** इस लिस्ट में अगला नाम अभिनेता फैजल खान है, जो बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के भाई हैं। फैजल को भी बिग बॉस के निर्माताओं ने बिग बॉस 16 के लिए संपर्क किया था। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर वीडियो में इसके बारे में खुलासा किया था, 'हाय दोस्तों, सब कैसे हैं? मुझे थोड़ा वायरल फीवर हो गया था, पिछले कुछ दिनों से ... पर अब मैं काफी बेहतर हूं, दवा खाई मैंने। मैंने अपने कई दोस्तों से बात की और जाना कि उन्हें भी यह हवा में है, इसलिए कृपया ध्यान रखें। खुशी का दिन है मेरे लिए, क्योंकि मुझे आज दो ऑफर मिले हैं।' उन्होंने आगे बताया 'एक बिग बॉस के लिए था, लेकिन मैंने इसे अस्वीकार कर दिया। एक टीवी सीरियल के लिए एक और प्रस्ताव था। मैं काफी उत्साहित हूं कि लोग मेरे बारे में सोच रहे हैं और मुझ पर विचार कर रहे हैं। मैं खुश हूं। कृपया मेरे लिए प्रार्थना करें कि मुझे कुछ अच्छा काम मिले, ताकि मैं आप सभी का मनोरंजन कर सकूं चाहे वह वेब सीरीज हो या फिल्म।'



**दिव्यांका त्रिपाठी :** अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी से कई साल से इस शो के लिए संपर्क किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने कभी हां नहीं कहा। दिव्यांका से एक अन्य लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस में आने के बारे में पूछा गया था। दिव्यांका ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मैं कभी बिग बॉस करूंगी या नहीं। शो मुझे थोड़ा डराता है, जैसा कि मैंने आपको पहले बताया, मैं अपनों के बीच रहने वाली हूं, इसलिए इसके ऊपर से घर से दूर रहना और मेरे पति विवेक, ये सभी विचार मुझे डराते हैं और मुझे यह मुश्किल लगता है तो यह मेरा फोबिया है। मैं अपने परिवार से ज्यादा समय तक दूर नहीं रह सकती। यह एक मुश्किल काम है।'



**नेहा धूपिया :** अभिनेत्री नेहा धूपिया ने कहा है कि उन्हें 'बिग बॉस' के घर में जाने की कोई इच्छा नहीं है। नेहा ने कहा, 'मैं 'बिग बॉस' बहुत देखती हूं। मैं सलमान खान की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। शो देखने की वजह वे ही हैं, लेकिन मैं कभी भी घर में नहीं जाऊंगी। लोगों को लगता है कि हम हमेशा लाइमलाइट में रहते हैं, इसलिए हमारे लिए कैमरा लेकर घूमना आसान है, लेकिन हर समय कैमरा मेरे ऊपर होने से मैं बहुत असहज महसूस करती हूं। मुझे लगता है कि होस्ट के तौर पर सलमान बिल्कुल शानदार हैं। जिस तरह से वे प्रतिभागियों से बात करते हैं, वह परिस्थितियों को पूरी तरह से सही ठहराते हैं। मुझे लगता है कि उन्होंने शो को देखने लायक बना दिया है।



**अर्जुन बिजलानी :** टेलीविजन इंडस्ट्री के मशहूर सितारों में से एक अर्जुन बिजलानी को भी बिग बॉस के निर्माताओं ने ऑफर दिया था। एक साक्षात्कार में अर्जुन ने बिग बॉस में हिस्सा न लेने की वजह बताई थी। उन्होंने कहा था, 'नहीं, मैं बिग बॉस 15 का हिस्सा नहीं हूं, क्योंकि मैं दूसरे शो के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं अक्टूबर के अंत में शूटिंग खत्म कर लूंगा, इसलिए मेरे लिए बिग बॉस के घर में प्रवेश करना संभव नहीं है। मूल रूप से शूटिंग सितंबर में खत्म होने वाली थी और मुझे लगा था कि मैं बिग बॉस में हिस्सा ले पाऊंगा। हालांकि, इसमें देरी हो गई और चीजें ठीक नहीं हुईं।'

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग)**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सामान्य आवास खमतराई स्थित भवन क्रमांक एम.आई.जी. II-62 श्री राम प्रकाश चौहान पिता राम वृक्ष को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र 534 दिनांक 26.02.2019 को कार्यालय से प्राप्त कर द्वितीय क्रेता संयुक्त नाम 1. श्रीमती आकांक्षा मिश्रा पति श्री शेषनारायण मिश्रा 2. श्री दिनेश कुमार दुबे पिता श्री कामता प्रसाद दुबे के नाम से भवन का विक्रय विलेख दिनांक 07.03.2019 को पंजीकृत करा लिया गया है। द्वितीय क्रेता संयुक्त 1. श्रीमती आकांक्षा मिश्रा पति श्री शेषनारायण मिश्रा 2. श्री दिनेश कुमार दुबे पिता श्री कामता प्रसाद दुबे द्वारा उक्त भवन अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन दिनॉक 31.07.2023 को कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

किसी व्यक्ति, शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**
**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2023
बिलासपुर दिनांक 07.06.2024

प्रति,
1. आवेदक श्रीमती मंधु गुप्ता पति ओम प्रकाश गुप्ता श्रीमती स्मिता गुप्ता पति संजय कुमार गुप्ता आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी
2. मनीष दिक्षीत सा.गोलबाजार बिलासपुर
3. परवेश दिक्षीत सा.गोलबाजार बिलासपुर
4. सत्यप्रकाश पि.अरूण
5. हेमलाल सिंह पि. जी.पी.सिंह

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/अति./ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह./ अति.तह./ना.तह. /वा./2023 बिलासपुर, दिनांक 29/05/2024

ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 564 रकबा 0.0490 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक मंधु गुप्ता, स्मिता गुप्ता निवासी कश्यप कालोनी बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में गठित दल के द्वारा उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 21/06/2004 को समय - 12:00 बजे से किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक, मोपका

**न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक / / क / वा / ना. तह. /2024
सकरी दिनांक 11/06/2024

एदत द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रमोद कुमार पटेल पिता आजूराम उम्र ........वर्ष जाति मरार निवासी कोडापुरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवेदक के माता धानबाई पटेल की दिनांक 05/12/2019 ग्राम कोडापुरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) में मृत्यु हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 11/07/2024 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11/06/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, सकरी

**कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**
**-::ईश्तहार::-**

क्रमांक 3091/वा0/वि0अ0/2024
मुंगेली, दिनांक 07/06/2024

आशुतोष बर्मन आ0 मनोहर बर्मन, उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम परसिया तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)
एवं
कु. यामिनी बघेल आ0 मुकुतदास बघेल, उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पेण्ड्री, तहसील नवागढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.)

एतद् द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना प्रकाशन सर्व साधारण के लिए किया जाता है। इस विवाह पर यदि किसी प्रकार का कोई आपत्ति/दावा हो तो दिनांक 24/06/2024 को समय 03:00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नही होगा।



अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी,
जिला मुंगेली (छत्तीसगढ़)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक- मुंगेली (ग्रा.) तहसील व जिला- मुंगेली (छ.ग.)**
**//सूचना//**

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के ज्ञापन क्र द दिनॉक 6/6/2024 के अनुसार आवेदक विकास गुप्ता पिता ओंकार निवासी मुंगेली द्वारा ग्राम धनगांव प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. मुंगेली (ग्रा.) तहसील मुंगेली स्थित अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 186/1, 198/1 रकबा 2.115, 0.405 हेक्ट. का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

न्यायालय तहसीलदार के आदेशानुसार उक्त आवेकदित खसरा का सीमांकन मौके पर दिनॉंक 15/06/2024 को 12.00 बजे किया जायेगा।

अतः आप आवश्यक दस्तावेज के साथ स्थल पर उपस्थित रहें। सूचना उपरांत भी मौके पर अनुपस्थित रहने पर नियत तिथि को आवेदक की उपस्थिति में सीमांकन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। सीमांकन के निर्धारित तिथि के पूर्व हितबद्ध पक्षकार अपना दावा/आपत्ति सक्षम न्यायालय में दर्ज करा सकता है।

प्रति,
1. श्री अमित गुप्ता, 2. श्री विजय गुप्ता, 3. वर्षा गुप्ता, 4. श्री मुकुन्द गुप्ता एवं समस्त अन्य हितबद्ध पक्षकार।

राजस्व निरीक्षक
मुंगेली (ग्रा.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक- मुंगेली (ग्रा.) तहसील व जिला- मुंगेली (छ.ग.)**
**//सूचना//**

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के ज्ञापन क्र द दिनॉक 6/6/2024 के अनुसार आवेदक वीणा गुप्ता पति विकास गुप्ता निवासी मुंगेली द्वारा ग्राम धनगांव प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. मुंगेली (ग्रा.) तहसील मुंगेली स्थित अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 48/2, 49/2, 187/2 रकबा 0.477, 0.829 हेक्ट. का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

न्यायालय तहसीलदार के आदेशानुसार उक्त आवेकदित खसरा का सीमांकन मौके पर दिनॉंक 15/06/2024 को 12.00 बजे किया जायेगा।

अतः आप आवश्यक दस्तावेज के साथ स्थल पर उपस्थित रहें। सूचना उपरांत भी मौके पर अनुपस्थित रहने पर नियत तिथि को आवेदक की उपस्थिति में सीमांकन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। सीमांकन के निर्धारित तिथि के पूर्व हितबद्ध पक्षकार अपना दावा/आपत्ति सक्षम न्यायालय में दर्ज करा सकता है।

प्रति,
1. श्री प्रमोद सिंह-फागूसिंह, 2. श्री फागूसिंह-होल्कर सिंह, 3. संतराम-घोघवा, 4. श्री बृजराज सिंह-छत्रपाल सिंह एवं समस्त अन्य हितबद्ध पक्षकार।

राजस्व निरीक्षक
मुंगेली (ग्रा.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक- मुंगेली (ग्रा.) तहसील व जिला- मुंगेली (छ.ग.)**
**//सूचना//**

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के ज्ञापन क्र द दिनॉक 6/6/2024 के अनुसार आवेदक वर्तिका गुप्ता पिता विकास गुप्ता निवासी मुंगेली द्वारा ग्राम धनगांव प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. मुंगेली (ग्रा.) तहसील मुंगेली स्थित अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 199/2 रकबा 0.725 हेक्ट. का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

न्यायालय तहसीलदार के आदेशानुसार उक्त आवेदित खसरा का सीमांकन मौके पर दिनॉंक 15/06/2024 को 10.00 बजे किया जायेगा।

अतः आप आवश्यक दस्तावेज के साथ स्थल पर उपस्थित रहें। सूचना उपरांत भी मौके पर अनुपस्थित रहने पर नियत तिथि को आवेदक की उपस्थिति में सीमांकन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। सीमांकन के निर्धारित तिथि के पूर्व हितबद्ध पक्षकार अपना दावा/आपत्ति सक्षम न्यायालय में दर्ज करा सकता है।

प्रति,
अमित गुप्ता वगैरह, मुकुन्द गुप्ता, वर्षा गुप्ता एवं समस्त अन्य हितबद्ध पक्षकार।

राजस्व निरीक्षक
मुंगेली (ग्रा.)

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकारगणों की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्व साधारण के लिये आम सूचना प्रकाशन करती हूँ कि मेरे पक्षकारगणों का ग्राम/मोहल्ला- मगरपारा (नजूल क्षेत्र) बिलासपुर में मुख्य मार्ग में स्थित नजूल भूमि जिस पर वर्तमान में वर्षों पुराना खपरापोश मिट्टी का मकान बना हुआ है। नजूल भूमि शीट नं0 16 में अंकित है। नजूल के राजस्व अभिलेखों में मेरे पक्षकार श्रीमती देवला मेश्राम वगैरह की सासू माँ व श्री सुखनंदन मेश्राम की माता जी स्व० श्रीमती बारली बाई एवं मेरी पक्षकार की मौसी सास श्रीमती शरू बाई भीमटे के नाम पर दर्ज होकर राजस्व अभिलेखों में इन्द्राज चला आ रहा है। भूमि का खसरा नम्बर 47/3 कुल रकबा 625 वर्गफीट है। भूमि का सम्पूर्ण देखरेख मेरे पक्षकारगण श्रीमति देवला मेंश्राम, व उनके देवर सुखनंदन मेश्राम तथा मौसी सास के बच्चे, दो देवर अश्वनी कुमार भीमटे एवं द्वारिका प्रसाद भीमटे के द्वारा किया जा रहा है भूमि का कब्जा हमारे पास है, एवं उसे विक्रय करने का सम्पूर्ण अधिकार मेरे इन चारो पक्षकारगणों के पास सुरक्षित है।

यदि कोई व्यक्ति या संस्था उक्त सम्पत्ति को किसी अन्य व्यक्ति से क्रय करता है या क्रय करने का सौदा करता है या बयाना/पेशगी देता है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी क्रेता व्यक्ति / संस्था की होगी हमारी नहीं। सो सूचना जाने।

बिलासपुर (छ.ग.) दिनांक - 12/06/2024

भवदीय
(सुश्री गीता मेश्राम) अधिवक्ता,
बजरंग पंचायत मंदिर के पीछे,
तालापारा बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9301151884

12 -JUN-REGNOL-pg-5_Layout 1 6/13/2024 12:07 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### विहिप, बजरंगदल ने आतंकवाद का पुतला फूंका



**पेंड्रा।** जम्मू कश्मीर में धार्मिक यात्रा पर निकले हिन्दू श्रद्धालुओं पर अंधाधुंध गोलीबारी कर बस चालक सहित 10 तीर्थ यात्रियों की आतंकवादियों ने हत्या कर दी। जिससे नाराज विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल, मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी द्वारा कड़ी कार्रवाई एवं धार्मिक यात्राओं में सुरक्षा बढ़ाने हेतु राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद उन्होंने आतंकवाद का पुतला फूंका। इस दौरान स्वामी कृष्णप्रपन्नाचार्य महराज, हर्ष छाबरिया, प्रकाश साहू, सागर पटेल, विनय पांडे, सरोज पवार, प्रिया त्रिवेदी, मीनू पांडे, वैशाली पांडे, अकांक्षा साहू, अमन गुप्ता, देवांश तिवारी, भूपेंद्र चौधरी, दीपक विश्वकर्मा, प्रकाश, शैलेश, सचिन, संजय, राजा, आयुष, प्रहलाद, रूपेश, सुजीत, पायल, कशिश, शिवानी, करुणा, गोल्डी व बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### घर वाले सोते रहे और चोरों पार किया 90 हजार का माल



**लोरमी।** ग्राम मोहतरा में घर वाले रात में भोजन कर सो गए, दूसरी ओर चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर समेत 90 हजार का माल पार कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार लालपुर थाना अंतर्गत ग्राम मोहतरा कुर्मी में सुदर्शन कश्यप के घर बीती रात 2 से 3 बजे के बीच अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और आलमारी को उठा कर घर से 200 मीटर दूर ले जाकर आलमारी का ताला तोड़ा और उसमें रखे 40 हजार रुपए नकद सहित 40 तोला चांदी का पुराना पायल डेढ़ मासा सोने काआभूषण सहित कुल 90 हजार रुपए का माल चोरी कर भाग निकले। घर मालिक सुदर्शन कश्यप पिता स्वर्गीय धनी राम कश्यप अपने परिवार सहित घर के पीछे बरामदे में रात में खाना खाकर सो गए थे। इसी बीच अज्ञात चोरों ने घर के सामने का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की रिपोर्ट सुदर्शन कश्यप के भाई अमर नाथ कश्यप ने बुधवार को लालपुर थाने में लिखाई। पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380 अपराध कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

### शाला प्रवेश उत्सव की तैयारियों को लेकर बीईओ ने ली बैठक

**पथरिया।** ग्रीष्मावकाश के बाद 18 जून को लगभग 45 दिनों बाद शासकीय अशासकीय विद्यालयों के पट खुलने वाले हैं। इसके पूर्व शालाओं की साफ सफाई और मध्यान्ह भोजन संचालन की तैयारियों सहित शाला प्रवेश उत्सव मनाने को लेकर विकास खंड शिक्षा अधिकारी पीएस बेदी ने बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में विद्यालय खुलने पूर्व जनभागीदारी समिति की बैठक लेकर शाला विकास के क्लिय कार्ययोजना बनाने की बात कही गई। विकास खण्ड संकुल स्रोत समन्वयक अशोक यादव ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत किए गए कार्यो की जानकारी दी । विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बैठक में उपस्थित प्रधान पाठक और प्राचार्यो से शाला प्रवेश उत्सव के लिए शासन के पत्र अनुसार तैयारी करने को निर्देशित करते हुए कहा कि इस बार पूरे प्रदेश में एक ही तिथि पर प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा इसलिए संस्था प्रमुख अपने स्थानीय स्तर पर प्रसार प्रचार कर 18 जून को ही बच्चों की शाला में उपस्थित के लिए आवश्यक प्रयास करना सुनिश्चित करें। बीईओ ने सभी विद्यालयों के लिए पुस्तक और गणवेश की स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी संकुल समन्वयकों को विद्यालय तक पुस्तक पहुंचाना सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में एबीओ आर राठौर, यतेंद्र भास्कर, बीआरसीसी अशोक यादव, प्राचार्य रजनीश नागेश्वर, सुजीत टण्डन, संकुल समन्वयक मोहित खण्डे, गजानन सिंगरौल, प्रधान पाठक प्रसन्ना डड़सेना, विजय लक्ष्मी सोनवानी, गुना राम निर्मलकर, नीलम यादव उपस्थित रहे।

### शिविर में दी गई बाल श्रम कानून की जानकारी



**तखतपुर।** विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्लान ऑफ एक्शन के तहत एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में तालुका विधिक सेवा समिति तखतपुर द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पैरालीगल वालिटियर दीनाराम कश्यप, महेन्द्र कुमार पवार उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित लोगों को बालश्रम कानून से संबंधित जानकारी दी गई।

## निधन

### राम नारायण शुक्ला



**बिलासपुर।** राजस्व कालोनी सरकंडा निवासी राम नारायण शुक्ला का 11 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 जून को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे उपेंद्र व नीरज शुक्ला के पिता थे।

### सैयद जुबेर अली



**बिलासपुर।** सैयद जुबेर अली (बहाल भाई ) का 12 जून को इंतकाल हो गया। उन्हें 13 जून की शाम 5 बजे कासिमपारा कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा। वे पूर्व पार्षद सैयद निहाल के छोटे भाई व शिफा अली, जामी अली के पिता थे।

### मोहन सिंगरौल



**तखतपुर।** ग्राम गिरधौना निवासी मोहन (लाला) सिंगरौल मंगलवार को निधन हो गया है। वे भुनेश, दिनेश, तुलाराम, कुशल भाई के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया।

### आचार्य लक्ष्मीनारायण रात्रे



**मुंगेली।** मजगांव पारा तिलक वार्ड निवासी आचार्य लक्ष्मीनारायण रात्रे का 4 जून को निधन हो गया। वे कमल रात्रे एवं विजय रात्रे के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 5 जून को किया गया।

---

नगर से दूर चोरभट्ठीखुर्द में संचालित हो रहा कार्यालय

# कृषि विभाग का दफ्तर शिफ्ट होने से किसानों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

कृषि विभाग का भवन जर्जर हो जाने के कारण कार्यालय को चोरभट्ठीखुर्द में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया की जा रही है। दूसरी ओर ग्रामीणों का कहना है कि चोरभट्ठीखुर्द में कार्यालय के जाने से वहां आने जाने के लिए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

- किसानों को जाना पड़ रहा नगर से 25 किलोमीटर दूर

किसानों की सुविधा, कृषि बीज, खाद सहित अन्य जानकारी के लिए नगर के तहसील चौक पर वरिष्ठ कृषि विकास विभाग का कार्यालय संचालित है। यहां से पूरे विकासखण्ड के किसानों को कृषि से संबंधित आवश्यक सलाह और सुझाव समय समय पर नई तकनीक की जानकारी दी जाती है। कृषि विभाग का भवन जर्जर हो चुका है, जिसकी मरम्मत नहीं हो पाई है। जिसके कारण अब कार्यालय को मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर चोरभट्ठीखुर्द के सीसल परिक्षेत्र में स्थानांतरित किया जा रहा है। कार्यालय के चोरभट्ठीखुर्द चले जाने से सबसे ज्यादा किसानों को परेशानी होगी। जो काम नगर में अन्य विभाग के कामों के साथ आसानी से हो जाता था पर अब नहीं हो पाएगा। तहसील चौक पर सभी मुख्य कार्यालय स्थित है जिसमें तहसील, राजस्व, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, आरईएस, जनपद पंचायत, नगरपालिका सहित अन्य विभाग का कार्यालय है जहां पर व्यक्ति एक साथ अपना कई काम करा लेता था लेकिन अब केवल एक काम के लिए उन्हें चोरभट्ठीखुर्द का चक्कर लगाना पड़ेगा। विभाग ने कई बार पत्राचार किया तो 5 लाख रूपए भवन की मरम्मत के लिए स्वीकृत हुई थी, पर समय पर मरम्मत नहीं होने के कारण वह राशि विभाग को वापस हो गई फिर दोबारा राशि नहीं मिली।

अभी तक वहां पर कर्मचारी जान जोखिम में डालकर काम कर रहे थे। कई बार छज्जा भी गिर गया था, फिर भी किसी तरह काम चलाते रहे पर अब स्थिति एकदम दयनीय है। नगर में भवन नहीं मिलने पर अब यह कार्यालय चोरभट्ठीखुर्द में संचालित हो रहा है।




कृषि विभाग का पुराना कार्यालय।

#### तीन भवन खाली

कृषि विभाग को वर्तमान में काम चलाने के लिए अभी अभी खाली हुए एसडीएम कार्यालय पुराना बीईओ आफिस, कृषि उपज मण्डी के कार्यालय के भवन में वैकल्पित रूप से चलाया जा सकता था पर विभाग के कर्मचारी जो पहले से ही मुख्यालय में नहीं रहते हैं अब वे 25 किलोमीटर दूर चोरभट्ठी में आ रहे हैं कि नहीं इसकी देखरेख कौन करेगा। यह सवालिया निशान है।

#### कोई भवन खाली नहीं

कृषि विभाग का भवन जर्जर हो गया है। स्थानीय स्तर पर कोई भवन खाली नहीं है। कृषि विभाग के लिए सीसल परिक्षेत्र में भवन उपलब्ध था इसलिए वर्तमान में वहीं से संचालित हो रहा है।

-**एके सतपाल**, एसएडीओ तखतपुर

## कल फरहदा आएंगे सीएम विष्णुदेव



**मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 14 जून को ग्राम फरहदा में आयोजित भक्त माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रातः 11 बजे शामिल होंगे।

पूर्व सांसद लखनलाल साहू ने बताया कि ग्राम फरहदा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अन्य विशिष्ट अतिथि गण 14 जून को प्रातः 11 बजे ग्राम फरहदा में नवनिर्मित भक्त माता कर्मा मंदिर में माता कर्मा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में जिला साहू समाज के अध्यक्ष पुहुप राम साहू, अनिल कुमार साहू, शत्रुहन साहू, दयाराम साहू, लेखु साहू, भरत साहू सहित जिला एवं तहसील साहू समाज तथा ग्राम फरहदा के ग्रामीण सक्रियता से लगे हुए हैं। भक्त माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध गायिका आरु साहू का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 10 बजे से मुख्यमंत्री आगमन तक जारी रहेगा।

#### कलेक्टर ने अधिकारियों को दी जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 14 जून को ग्राम फरहदा में संभावित आगमन के मद्देनजर कलेक्टर ने आज मनियारी सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कार्यक्रम के सुचारू रूप से संपादन के लिए स्थल पर मंच व बैठक व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा, पेयजल, कारकेड, वाहन व्यवस्था, हेलीपेड, निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधा, सत्कार व्यवस्था, साउण्ड सिस्टम एवं लाईट व्यवस्था, बेरिकेटिंग, यातायात, फायर ब्रिगेड सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वयश्री विवेक शुक्ला एवं पंकज पटेल, संयुक्त कलेक्टर द्वय अजीत पुजारी एवं गिरीश रामटेके, अनुविभागीय अधिकारी, डीएसपी, एसडीओपी, तहसीलदार और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## राजस्व शिविर में हो रहा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ करगीरोड कोटा




कोटा ब्लाक के विभिन्न ग्रामों में शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। एसडीएम युगल किशोर उर्वशा व तहसीलदार प्रांजल मिश्रा ने कलेक्टर के मार्गदर्शन में कोटा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में 10 जून से 5 जुलाई तक राजस्व शिविर लगाकर विभिन्न राजस्व प्रकरण का निराकरण करने की कार्ययोजना बनाई है।

इसके तहत 10 जून को सेमरिया, बेलगहना, केंदा एवं रतनपुर में राजस्व शिविर लगाकर ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त की समस्याएं सुनकर तत्काल निराकरण किया गया। शिविर में कुल 91 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 35 आवेदन का मौके में ही निराकरण किया गया, शेष आवेदन को शीघ्र एक सप्ताह निराकृत करने की बात कही गई। 11 जून तहसील बेलगहना के ग्राम आमागोहन ,तहसील कोटा के तेंदुआ एवं तहसील रतनपुर के पुडू में राजस्व समाधान शिविर आयोजित किया गया, शिविर तेंदुआ में कुल नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख सुधार, आय, जाति, निवास के 33 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 08 आवेदन तत्काल निराकृत किए गए, ग्राम आमागोहन में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से नामांतरण के एक मामले, आय जाति, निवास के 8 मामले एवं आपसी जमीन विवाद के 5 मामले सुलझाए गए। ग्राम पुडु के शिविर में कुल 38 मामले प्राप्त हुए हैं, जिसे जल्द ही सुलझाए जाएंगे. राजस्व शिविर में प्रमुख रूप से राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, सरपंच ,पंचायत सचिव,कोटवार एवं क्षेत्र के तहसीलदार ,नायब तहसीलदार स्वयं उपस्थित होकर जनता तक पहुंचकर उनके राजस्व संबंधी मामले को हल कर रहे हैं. कोटा अनुविभाग के एसडीएम युगल किशोर उर्वशा ने बताया कि वे शिविर में औचक रूप से उपस्थित होकर ग्रामीणों की मांगों एवं समस्याओं को सुन रहें है , राजस्व अमलों को कहा गया है कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकारण एक सप्ताह के भीतर कर दिया जाए। तथा पेय जल संबंधित व्यवस्था, राशन दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है।

मॉनसून के नजदीक आते ही कृषि कार्य में जुटे किसान

## 22 सोसाइटियों में खाद एवं बीज का 60 फीसदी भंडारण

**लोरमी।** विकासखण्ड की 22 सोसायटियों में किसानों के लिए 60 प्रतिशत खाद बीज का भंडारण हो चुका है। मानसून के नजदीक आते ही किसान कृषि कार्य के लिए खाद बीज खरीददारी में जुट गए हैं।

कृषि विभाग के अनुसार ब्लाक में लगभग 41हजार किसान के लिए इस वर्ष 41हजार हेक्टेयर खेतो में धान का उत्पादन करेंगे। 22 सोसायटियों में बीज 3700 क्विंटल भंडारण उपलब्ध है, जिसमें धान के 1001,1010, स्वर्णा, महामाया सहित अन्य किस्में शामिल हैं। धान की कीमत बढ़ी तो प्रमाणित बीज वेरायटी के अनुसार लगभग 600 प्रति क्विंटल दर तेजी आई है। सोसाइटी में किसानों को वर्तमान में शासन द्वारा निर्धारित दर धान बीज मोटा 3400, पतला 3900 एवं सुगन्धित धान के बीज के लिए 4500 तक प्रति क्विंटल के हिसाब से प्राप्त कर है। क्षेत्र के किसान 2300 क्विटल बीज की खरीदी भी कर चुके हैं। गौरतलब है कि इस वर्ष सरकार ने 3100 क्विंटल धान खरीदी की है। इसके चलते धान के प्रमाणित बीज के लिए किसानों को उसी हिसाब से जेबें ढीली करनी पड़ रही है। पिछले वर्ष किसान को 2800 के दर से बीज प्राप्त हुये थे। उर्वरक खाद की अगर बात करे तो ब्लाक के सोसायटियों में 5 हजार टन भंडारण हो चुका है। बताया जा रहा है,की मानसून सक्रिय होने पर या जिनके पास पानी की सुविधा है, नर्सरी तैयार करने जुट जाएंगे। कृषि विभाग के एसडीओ धनंजय कुर्रे ने बताया कि 22 सोसायटी में वर्तमान में किसानों के लिए खाद बीज 60 प्रतिशत भंडारण हुआ है। 40 प्रतिशत बाकी है। किसान बीज उठा रहे हैं।



## 10 किमी की दूरी तय कर राशन लेने मचखण्डा जा रहे बम्हनीकला के ग्रामीण

**सीपत।** समीप के ग्राम मचखण्डा के आश्रित ग्राम बम्हनीकला के ग्रामीणों ने अलग राशन दुकान खोलने की मांग कलेक्टर के जनदर्शन में की है।

- प्रशासन नहीं ले रहा कोई सुध

बता दें कि मचखण्डा के आश्रित ग्राम बम्हनीकला जहां लगभग 600 जनसंख्या है। वहीं लगभग 150 राशनकार्डधारी हैं। बम्हनीकला से मचखण्डा की दूरी 10 किमी है। भीषण गर्मी एवं बरसात के दिनों में इतनी अधिक दूरी कर राशन लेकर आना ग्रामीणों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में दिए ज्ञापन के माध्यम से बताया मचखण्डा में उन्हें राशन दुकान पहुंचकर भी खाली हाथ वापस आना पड़ जाता है। उन्हें राशन वितरक द्वारा उल जुलूल बातें सुनने को मिलती है। कमजोर असहाय एवं वृद्धजनों को 10 किमी की लंबी दूरी तय कर राशन लाने आने जाने में बहुत ज्यादा परेशानी होती है। गर्मी की वजह से कई वृद्धजन रास्ते मे ही गिर पड़ते है। जैसे तैसे किसी तरह वृद्धजन यदि राशन दुकान पहुंच भी जाते हैं तो कभी कभी तकनीकी समस्या फिंगरप्रिंट न आना , सर्वर डाउन की वजह से अपने बोरी व थैले पकड़कर बैरंग वापस लौटना पड़ता है। बम्हनीकला के ग्रामीणों के सामने यह समस्या विगत 25 वर्षों से बनी हुई है। यहां खाद्य गोदाम भी स्वीकृत हो चुका है जो आज तक नही बन पाया। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीण पूर्व में भी मस्तूरी एसडीएम को ज्ञापन दे चुके है। लेकिन उनकी समस्या पर प्रशासन किसी भी प्रकार का कोई सुध नहीं ले रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से जल्द ही बम्हनीकला के ग्रामीणों के लिए वही राशन वितरण के लिए व्यवस्था बनाने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को दूरी की परेशानी से राहत मिल सके।



अलग राशन दुकान खोलने की मांग को लेकर कलेक्टर के जनदर्शन में पहुंचे बम्हनीकला के ग्रामीण।

## प्रत्येक मंगलवार फिर शुरू होगा जनदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक कलेक्टर राहुल देव ने ली। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को जनदर्शन फिर से शुरू होगा। जनदर्शन में सभी विभागीय अधिकारी और राजस्व अधिकारी उपस्थित रहेंगे और जनशिकायत के प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक निराकरण करेंगे। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को कार्यालय और कोर्ट में बैठकर राजस्व के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व का काम नहीं रुकना चाहिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यालयीन समय में कार्यालय में उपस्थित रहने और अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने व विभागीय कामकाज में प्रगति लाने के के निर्देश दिए।

- जनता की शिकायतों का निराकरण करेंगे अफसर

जिले में 18 जून को मनाया जाएगा शाला प्रवेश उत्सव- कलेक्टर ने कहा कि जिले में 18 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा, सभी स्कूलों में इसकी तैयारी सुनिश्चित कर लें। शाला प्रवेश उत्सव में अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए। साथ ही गत वर्ष परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाए। कलेक्टर ने विकासखंडवार समितियों में खाद एवं बीज का भंडारण और वितरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कई सोसायटियों में वितरण का प्रतिशत कम है, वहां प्रगति लाएं। लक्ष्य के अनुरूप समितियों में खाद एवं बीज का भंडारण होना चाहिए। जिन सोसायटियों में खाद-बीज उपलब्ध नहीं है, वहां तत्काल भंडारण कराना सुनिश्चित करें। संबंधित अधिकारी समितियों का निरीक्षण कर जांच करें। किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त खाद-बीज उपलब्ध होना चाहिए। किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जाएगा।

इस अवसर पर डीएफओ संजय यादव, अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पांडेय तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय, संयुक्त कलेक्टर अजीत पुजारी एवं गिरीश रामटेके, एसडीएम पथरिया भरोसा राम ठाकुर, एसडीएम लोरमी गिरधारी लाल यादव, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, नगरीय निकायों के सीएमओ और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

6 अहातों के लिए तीसरी बार मंगाई गई थी निविदा

## रेहूंटा शराब दुकान अहाता के लिए लगी 1 करोड़ की बोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले की 13 शराब दुकानों के अहातों को बेचने के लिए भले ही आबकारी विभाग ने 5 करोड़ 99 लाख रूपए का बेस रेट निर्धारित किया था, लेकिन आहतों को खरीदने ठेकेदारों ने ऐसी बोली लगाई कि आबकारी महकमा के भी कान खड़े हो गए। रेहूंटा शराब दुकान अहाता के लिए 1 करोड़ 10 लाख रुपए की अधिकतम बोली लगाई गई।

जिले में आबकारी विभाग द्वारा 13 देसी और विदेशी शराब दुकान के अहातों के लिए नीलामी की प्रक्रिया पूरी की गई थी। इस दौरान 13 दुकानों के अहाता के लिए 30 आवेदन प्राप्त हुए थे। वहीं दो दिन के अंदर ठेकेदारों को नीलामी के बाद राशि जमा करना था। लेकिन इसमें करीब 10 लोगों ने राशि जमा नहीं की थी। जिसके बाद आबकारी विभाग द्वारा 10 अहातों को एक साथ नीलाम किया गया था। दूसरे चरण में 4 दुकानों के लिए लाइसेंस फीस जमा की गई। इस तरह से 7 दुकानों जिसमें देशी मदिरा पथरिया 20 लाख 19 हजार, सरगांव 16 लाख 36 हजार, लोरमी 20 लाख तथा विदेशी मदिरा पथरिया 10 लाख, लोरमी 7 लाख 51 हजार, अखरार 1 लाख 90 हजार, गोड़खाम्ही कम्पोजिट के लिए 15 लाख 50 हजार कुल 91 लाख 46 हजार रूपए की लाइसेंसी फीस जमा हुई। आबकारी विभाग फुटकर देशी-विदेशी शराब दुकानों से अटैच अहातों, चखना सेंटरों की नीलामी तीसरे चरण में है। तीसरे चरण के लिए जरहागांव कम्पोजिट, रेहूंटा देशी एवं विदेशी मदिरालय, दाऊपारा देशी एवं विदेशी मदिरालय तथा कंतेली कम्पोजिट की नीलामी की प्रक्रिया में रखा गया है।



#### निविदा मंगाई गई थी

फुटकर देसी-विदेशी मदिरा दुकानों से संलग्न जिले की 13 दुकानों में से 6 अहाते दो बार नीलामी के बाद भी बच गए थे। इन 6 अहातों के लिए तीसरी बार आनलाइन माध्यम से निविदा मंगाई गई थी।

-**प्रकाश पाल**, सहायक आयुक्त, आबकारी विभाग

## प्राथमिक शाला के शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**तखतपुर।** प्राथमिक शाला के शिक्षकों को एफएलएन के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में कक्षा पहली से पांचवी पढ़ाने वाले शिक्षक शामिल होकर बच्चों के सीखने की गतिविधि से परिचित हो रहे हैं। प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि बच्चों में गणित और भाषा की बुनियादी दक्षता का विकास आसानी से हो सके इसके लिए इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान जो गतिविधियां प्रशिक्षकों की ओर से बताई जा रही है उसको गंभीरता के साथ आत्मसात करें। इन गतिविधियों को बच्चों को पढ़ाने के दौरान जरूर करें ताकि आसानी से बच्चे भाषा और गणित की बुनियादी जानकारी को सीख सकें। यह प्रशिक्षण विकासखंड के 3 जोन में संचालित हो रहा है। जिसमें डी आर जी आशुतोष श्रीनेत, शिव धुर्वे, नलिनी साहू,अजय तिवारी, मनोरमा बर्मन, संतोषी यादव, प्रकाश शर्मा, नितेश तिवारी,और विमल शिवने, राजेंद्र नामदेव है जो प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस प्रशिक्षण को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत जायसवाल, संगीता कोसरिया और विकासखण्ड समन्वयक सीमा त्रिपाठी, अमरदीप शर्मा, रवि चतुर्वेदी सहित लेखपाल प्रशांत शर्मा, अनूप गुप्ता, राजेश चौबे, अशोक पांडेय अमरदीप शर्मा लवकान्त द्विवेदी, संजीव कुर्रे, सतीश जायसवाल, रामेश्वर कश्यप सहयोग दे रहे हैं।



12- JUNE -BSP- pg- 6_Layout 1 6/13/2024 12:02 AM Page 1



## खबर संक्षेप



### तलवार लहराकर अशांति फैलाने वाले 3 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** तलवार अशांति फैलाने वाले 3 बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर तलवार जब्त कर लिया है। चकरभाठा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अलग अलग जगहों में तीन युवकों के द्वारा तलवार लहराकर अशांति फैलाई जा रही है। पुलिस ने तीनों जगहों में दबिश देकर नीवन गोस्वामी पिता छत्रपाल गोस्वामी 21 साल चकरभाठा, भास्कर वर्मा पिता शिव वर्मा 28 साल नयापारा, सोमेश अढ़ोलिया पिता मेलाराम 23 साल अचानकपुर निवासी को पकड़कर तीन नग तलवार बरामद किया है। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### मनमाना जलकर वसूली की कलेक्टर से शिकायत

**बिलासपुर।** जल कर के नाम पर बोदरी नगर पंचायत की सीईओ मनमाना वसूली कर रही है। इसकी शिकायत क्षेत्रवासी और जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को कलेक्टर अवनीश शरण से की है। कलेक्टर से शिकायत करते हुए बोदरी वार्ड नंबर 14 के पार्षद विजय वर्मा ने कहा कि बी.पी.एल. जल उपभोक्ताओं से 60 रूपए मासिक दर वाले घरेलू कनेक्शन कार्ड में 60 रूपए लिखी हुई दर को पेन से काटकर 180 रुपए दर किया जा रहा है, जो कि नियमानुसार गलत है। पार्षदों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे लोगों ने बोदरी सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### लाखों खर्च कर दीवारों पर की गई पेंटिंग खराब



**बिलासपुर।** शहर के कई चौक-चौराहों और शासकीय भवनों के दीवारों पर आकर्षक रंग बिरंगे पेंटिंग की गई है, लेकिन देखरेख के आभाव में अब ये दीवारें बदरंग हो रही हैं। आईजी तिराहा, राजेंद्र नगर और वेयर हाउस रोड की दीवारों पर बनाए गए चित्र से अब रंग उधड़ने लगे हैं, लेकिन इनकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है।

### चौक पर खड़े हो रही बस



**बिलासपुर।** शहर के बीच से बस स्टैंड को हटाकर अब तिफरा से इसका संचालन किया जा रहा है। ऐसे में गांव से शहर आने वाले सभी यात्री या तो मंगला चौक या फिर महाराणा प्रताप चौक के पास उतरते हैं। लेकिन महाराणा प्रताप चौक में कोई बस स्टॉप की जगह निर्धारित नहीं होने के कारण यहां बीच सड़क में बस रूक जाती हैं। ऐसे में पीछे से आने वाले वाहन बस के कारण फंस जाते हैं और यहां पल-पल ट्रैफिक जाम होता है।

### सड़क पर ठेले वालों का कब्जा



**बिलासपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था खराब करने में सबसे बड़ा हाथ ठेले वालों का है। ये जहां भी जगह मिलती है। वहीं अपना कब्जा जमा लेते हैं। इन दिनों वृहस्पति बाजार के चारों ओर मुख्य मार्ग पर इनका कब्जा हो गया है। मुख्य डाक घर से लेकर छत्तीसगढ़ स्कूल और मिशन स्कूल की दीवार के किनारे इनका अवैध कब्जा है। इसी तरह देवकीनंदन सकूल वाले आधे से अधिक रास्ते में ये ठेला लगाकर खड़े रहते हैं, जिसके कारण यहां से गुजरने वालों को जाम का सामना करना पड़ता है।

# पिछले साल सिम्स में 550 था कटऑफ, इस बार 640 वाले भी मुश्किल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**नीट-2024 विवादों में**

- 67 की एआईआर-1,छत्तीसगढ़ में 5000 से अधिक ने किया क्वालिफाई, अब एडमिशन की चिंता

नीट 2024 का रिजल्ट घोषित होते ही विवाद भी शुरू हो गया है। पहली बार 67 स्टूडेंट्स ने एक साथ एआईआर-1 हासिल किया है। स्टूडेंट्स, एक्सपर्ट्स के साथ-साथ नेताओं ने भी सवाल खड़े करने शुरू कर दिए हैं। नीट एग्जाम में समाने आई गड़बड़ी का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है।

इस बीच एडमिशन को लेकर स्टूडेंट्स और पेरेंट्स असमंजस में हैं। 620 से 650 अंक पाने वाले भी सोच में पड़ गए हैं कि उन्हें अच्छे गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एडमिशन मिलेगा या नहीं। बिलासपुर के छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान यानी की सिम्स मेडिकल कॉलेज में पिछले साल समान्य वर्ग में कटऑफ 550 थी, इस बार यह 640 पर भी एडमिशन मुश्किल लग रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि एमबीबीएस एडमिशन में सभी कैटेगरी में कटऑफ निश्चित रूप से हाई जाने वाली है। ऐसे में कॉउसलिंग के दौरान एमबीबीएस में एडमिशन के लिए बच्चों को जद्दोजहद करना पड़ेगा।

## प्रदेश में एमबीबीएस की 1980 सीट, 5000 से ज्यादा क्वालिफाई

प्रदेश में एमबीबीएस की 1980 सीट है। इसमें सरकारी कॉलेज में 1530 है तो निजी में 450 सीट है। जबकि इस बार नीट में 5000 से अधिक बच्चे क्वालिफाई हुए हैं। बिलासपुर में ही 800 से अधिक बच्चों के अंक 500 से अधिक है। जबकि पूरे प्रदेश में सभी केटेगरी में बच्चों को अच्छे अंक मिले हैं। ऐसे में सरकारी कॉलेज में एमबीबीएस में प्रवेश के लिए मारामारी इसलिए भी होगी क्योंकि बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग सहित सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज की सालाना फीस 50 हजार है। जबकि निजी कॉलेजों में एक साल का एमबीबीएस फीस 7 से 8 लाख रूपए है।




### सरकारी कॉलेज में कटऑफ हाई

शहर के विभिन्न एकेडमी के एक्सपर्ट की मानें तो रजिस्ट्रेशन से पहले एनटीए ने अपने बुलेटिन में बहुत कुछ क्लियर नहीं किया, जिससे स्टूडेंट्स में नाराजगी है। नीट यूजी 2024 का रिजल्ट 14 जून को जारी होने वाला था, फिर अचानक 4 जून को ही जारी कर दिया गया। इसे लेकर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पिछले साल जहां सिम्स में सामान्य वर्ग के लिए 550 मार्क्स का कटऑफ था, वहीं कोरबा में 500 से कम अंक वालों को भी एडमिशन मिल गया था। लेकिन इस बार कटऑफ हाई होने वाला है।

### जनरल के लिए 59 सीटें

सिम्स मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए 180 सीट है। इसमें 15 सीटें इडब्ल्यूएस कोटा का है। इसके साथ ही 27 सीट ऑल इंडिया कोटा, सेंट्रल पूल के लिए 5 और स्टेट कोटे की 138 सीट है। अब इसमें जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स को 59 सीटें ही मिलती है। बाकी एससी 24 एसटी 30 और ओबीसी कोटे के लिए 20 सीटे रिजर्व हैं। 2023 के काउंसिलिंग में सामान्य वर्ग के लिए जहां कटऑफ 550 था तो वहीं ओबीसी के लिए 513, एससी के 427 और एसटी वर्ग में 389 अंक वालों को भी एमबीबीएस में प्रवेश मिल गया।

निगम की टीम ने इमलीपारा व कुदूदंड में की कार्रवाई

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान इमलीपारा में विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम अतिक्रमण शाखा की टीम ने नाली ऊपर ठेलों में होटल चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। इमलीपारा में नाली पर ठेले में होटल चलाई जा रही थी, जिस पर कार्रवाई के दौरान जमकर विवाद हुआ और हाथापाई तक की नौबत आ गई थी। इसी तरह कुदुदण्ड चांदनी चौक में नाली ऊपर चाय-नाश्ता के दो ठेलों पर कार्रवाई की गई है।

नालियों पर ठेलों में दुकान, चाय-नाश्ता होटल लगा ली जाती है, जिससे नालियों की सफाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। ऐसी जगहों का चिहांकन कर नगर निगम की टीम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। निगम की अतिक्रमण शाखा की टीम ने इमलीपारा रोड किनारे नाली पर ठेले में चल रही एक होटल पर आज कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान वहां जमकर विवाद हुआ। ठेला वाला कार्रवाई का विरोध करते हुए ठेला एवं उसमें रखा सामान हटाने नहीं दे रहा था। ठेले वाले के साथ महिला ने भी कार्रवाई का विरोध किया। इस कार्रवाई के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि अतिक्रमण शाखा के कर्मचारियों और ठेले वाले के बीच हाथापाई तक की नौबत आ गई थी। इसी तरह कुदुदण्ड चांदनी चौक एरिया में भी कार्रवाई की गई और यहां पर नाली पर चाय-नाश्ता वाले दो ठेलों पर कार्रवाई कर उन्हें हटवाया गया और ठेलों के सामान जब्त किए गए। इसके एक दिन पहले ही निगम कमिश्नर अमित कुमार ने शहर में जल भराव वाले कुछ एरिया का निरीक्षण किया था। इस दौरान तारबाहर क्षेत्र में निर्माणाधीन भवन के सामने नाली में मलबे को पाटने का मामला सामने आया था, जिस पर भवन मालिक पर जुर्माना किया गया है। इसके अलावा नाली में कचरा डालकर नाली को जाम करने के कारण दो बड़े होटलों पर भी जुर्माना किया गया है।



अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करती टीम।



### की गई है कार्रवाई

अतिक्रमण शाखा की टीम द्वारा आज इमलीपारा और कुदुदण्ड क्षेत्र में नाली पर ठेला लगाकर नाली सफाई में व्यवधान करने के मामले में कार्रवाई की गई है। इमलीपारा ठेला हटवाने के दौरान ठेले वाले द्वारा विरोध किया जा रहा था। कुदुदण्ड में भी नाली ऊपर से दो ठेलों को हटवाया गया है।

**-प्रमिल शर्मा**
प्रभारी, अतिक्रमण शाखा ननि

नगरीय प्रशासन विभाग से परिसीमन का आदेश पहुंचा

# पांच साल में दूसरी बार होगा नगर निगम का परिसीमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- नगरीय निकाय चुनाव पहले तय हो जाएंगी सीमाएं

नगरीय निकाय चुनाव के पहले प्रदेश के सभी नगरीय निकायो का परिसीमन होना है। इसके लिए नगरीय प्रशासन विभाग का पत्र पहुंच गया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने परिसीमन की तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए हैं। वहीं बिलासपुर नगर निगम का पांच साल में यह दूसरी बार परिसीमन होगा, क्योंकि निगम सीमा वृद्धि के दौरान पांच साल पहले ही परिसीमन हुआ था।

इससे पूर्व 2019 में नगर निगम क्षेत्र का परिसीमन हुआ था, क्योंकि उस समय नगर निगम का सीमा विस्तारीकरण किया गया था, जिसमें नगर निगम में तीन नगरीय निकाय सकरी, तिफरा, सिरगिट्टी समेत शहर आसपास के 15 ग्रामीण इलाकों को भी शामिल किया गया। निगम में नए एरिया शामिल किए जाने पर निगम सीमा पहले से काफी बढ़ गया और वार्डो की संख्या भी बढ़ गई थी, इसलिए निगम सीमा वृद्धि के बाद नए क्षेत्रों को जोड़कर परिसीमन किया गया था, जिसके बाद नए वार्डो का गठन हुआ था।

### प्रत्येक वार्ड की सीमा स्पष्ट होगी

प्रस्तावित वार्डों की चारों दिशाओं की सीमा, मानचित्र जिसमें प्रत्येक प्रस्तावित वार्ड की चारों दिशाओं को इस प्रकार दर्शाया जाएगा, जिससे की प्रत्येक वार्ड की सीमाएं स्पष्ट रूप से अलग-अलग दिखे। जनसंख्या संबंध पत्रक, जिसमें गत जनगणना के प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र की कुल जनसंख्या, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की कुल जनसंख्या, राज्य सरकार द्वारा संबंधित नगर पालिका क्षेत्र के लिए अवधारित वार्डों की कुल संख्या तथा इसके आधार पर प्रत्येक वार्ड की औसत जनसंख्या, प्रत्येक प्रस्तावित वार्ड की जनसंख्या तथा उसमें अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के आंकड़ों के अनुसार किया जाएगा।

### किया जाएगा परिसीमन

आगामी नगरीय निकाय चुनाव के पहले पूरे छत्तीसगढ़ में सभी नगरीय निकायों का नए सिरे से परिसीमन होगा। यह परिसीमन 2011 के जनगणना आधार पर होना है, जिसकी तैयारी के संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। अभी जिला स्तर पर नगरीय निकायों का परिसीमन संबंधी आदेश जारी होगा, उसके बाद ही कार्यवाही शुरू होगी।

**-खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त, नगर निगम

### 2011 जनगणना के आधार पर परिसीमन

नगरीय प्रशासन विभाग से परिसीमन के संबंध में जो आदेश आया है उसमें वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन की बात कही गई है। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 10 की उपधारा तथा छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 29 की उपधारा अनुसार वार्डों की रचना इस प्रकार से की जाएगी कि प्रत्येक वार्ड की जनसंख्या पूरे निकाय क्षेत्र में यथासाध्य एक जैसी होगी तथा वार्ड में सम्मिलित क्षेत्र संहत क्षेत्र हो। प्रत्येक वार्ड में जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखकर परिसीमन किया जाएगा। जिला अंतर्गत स्थित निकायो के वार्डों के परिसीमन की कार्यवाही छत्तीसगढ़ नगर पालिका नियम 1994 के अपेक्षा अनुसार यथाशीघ्र पूर्ण कराते हुए प्रस्ताव नगरीय प्रशासन विभाग को प्रेषित करने कहा गया है ताकि अधिसूचना का प्रकाशन राजपत्र में कराया जा सके।

# विवेचक के झगड़ा नहीं करने समझाइश देने के बाद ग्रामीण ने खाया जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- बेलगहना चौकी की घटना, पीड़ित एम्स में भर्ती

दो पक्षों में विवाद होने के बाद पुलिस चौकी में विवेचक प्रधान आरक्षक ने दोनों पक्षों को लड़ाई नहीं करने की समझाइश दी। इसके कुछ देर बाद एक पक्ष के व्यक्ति ने घर जाकर जहर खा लिया, पीड़ित को इलाज के लिए रायपुर एम्स में भर्ती कराया गया है।



9 जून को बेलगहना चौकी में पंडरापथरा निवासी बिहारी लाल प्रजापति पिता कैन्यालाल प्रजापति ने मारपीट करने की रिपोर्ट लिखाई। उसकी रिपोर्ट पर अशोक यादव, राजकुमार पोर्ते के खिलाफ अपराध क्रमांक 427/24 धारा 294, 506, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। इधर दूसरे पक्ष से अशोक यादव ने बिहारी लाल प्रजापति के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत की। मंगलवार को विवेचक प्रधान आरक्षक ने दोनों पक्षों को थाने में बुलाया। बिहारी लाल प्रजाति की रिपोर्ट पर अशोक यादव, राजकुमार यादव को गिरफ्तार करने के बाद मुचलका जमानत पर रिहा किया गया। दूसरे पक्ष के अशोक यादव की शिकायत पर प्रार्थी बिहारी लाल प्रजापति को लडाई झगड़ा नहीं करने पर व आरोपी पक्ष को भी लड़ाई झगड़ा नहीं करने देने की समझाइश दी गई थी। चौकी से लौटकर घर जाने के बाद प्रार्थी बिहारी लाल प्रजापति ने जहर खा लिया। परिजन ने उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया। प्रार्थी के जहर खाने से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। आनन फानन में बेलगहना चौकी प्रभारी विवेक पाण्डेय सिम्स पहुंच गए। परिजन पीड़ित की स्थिति को देखते रिफर कराकर रायपुर एम्स हास्पिटल में भर्ती कराए हैं। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### लगाई साधारण मारपीट की धारा

बताया जाता है घटना के दिन कुंपाबांधा मोड़ पर पीड़ित बिहारी लाल प्रजापति को अशोक यादव, राजकुमार पोर्ते ने रोककर डंडे से मारपीट की थी, वह रिपोर्ट लिखाने गया तो सधारण मारपीट की धारा लगाकर खानापूर्ति कर ली गई, उसके बाद मंगलवार को उसे चौकी बुलाया गया था। खबर है कि विवेचक प्रधान आरक्षक ने दूसरे पक्ष की शिकायत पर पीड़ित को उल्टा डराया धमकाया है।

### लड़ाई नहीं करने की दी गई समझाइश

पीड़ित की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया था। दूसरे पक्ष के द्वारा पीड़ित पर मारपीट करने का आरोप लगाकर लिखित शिकायत की गई थी। मंगलवार को दोनों पक्षों को चौकी में बुलाया गया था। पीड़ित की रिपोर्ट पर हमलावरों की गिरफ्तारी की गई। उसके बाद विवेचक के द्वारा दोनों पक्षों को लड़ाई नहीं करने की समझाइश दी गई थी। पीड़ित ने जहर क्यों खाया, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। उसका रायपुर एम्स में इलाज चल रहा है।

**-अर्चना झा** एडीशनल एसपी ग्रामीण

## हाथ में बीयर की बोतल रखकर युवक-युवतियों ने मचाया हंगामा

**बिलासपुर।** सोशल मीडिया में रायपुर रोड स्थित एक होटल के सामने हाथ में बीयर की बोतल रखकर युवक व युवतियों के बीच विवाद होने का वीडियो वायरल हो रहा है।

इस वायरल वीडियो में दो युवक हाथ में बीयर की बोतल रखकर विवाद करते नजर आ रहे हैं। बताया है यह वीडियो सोमवार की देर रात की है। बताया जाता है युवतियां युवकों के साथ होटल के बार गई थीं। वहां से निकलने के बाद बाहर नशे में टहल रही थीं। बाहर खड़े युवकों ने युवतियों को कमेंट कर दिया, जिससे युवतियां युवकों से विवाद करने लगीं। वहीं युवतियों के साथ गए युवक हाथ में बीयर की बोतल रखकर लड़कों से धकका मुक्की करने लगे। कुद देर विवाद करने के बाद युवक युवतियां लौट गए। इस घटना की जानकारी पुलिस व आबकारी विभाग के अधिकारियों को नहीं है। ज्ञात हो कि इन दिनों शहर में संचालित बीयर बार देर रात तक गुलजार हो रहे हैं। नशे में युवक युवतियों को घूमना देखना आमबात हो गई है।

### शिकायत नहीं हुई

सोशल मीडिया में चल रहे वीडियो से जानकारी हुई है। किसी भी पक्ष ने थाने में शिकायत नहीं की है। वीडियो में दो युवक बीयर की बोतल रखे नजर आ रहे हैं। दोनों युवकों को रिवरव्यू में हंगामा मचाते कोतवाली पुलिस ने पकड़ लिया था। दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई हुई है।

**-भारती मरकाम**
सिरगिट्टी टीआई



## विनोबा नगर में नाले में मलबा पाटने से घरों में घुसा गंदा पानी

**बिलासपुर।** विनोबा नगर गायत्री मंदिर से मैग्नेटो मॉल मुख्य सड़क पर हो रहे व्यावसायिक निर्माण के चलते नाला तोड़कर उसमें मलबा पाट दिया गया है, जिससे वहां पर थोड़ी सी बारिश मे घरों में पानी घुसने लगा है। वहीं रास्ते की भूमि पर निर्माण को लेकर मोहल्लेवासियों ने नगर निगम जोन कार्यालय में शिकायत की है। बुधवार की शाम हुई बारिश से विनोबा नगर में घरों में पानी घुसने लगा, क्योंकि यहां पर गायत्री मंदिर से मैग्नेटो मॉल मुख्य मार्ग पर एक व्यावसायिक भवन निर्माण के चलते नाला को तोड़कर उसमें मलबा पाट दिया गया है। दूसरी तरफ उक्त व्यवसायिक निर्माण को लेकर मोहल्लेवासी आनंद तिवारी, अपूर्व तिवारी, सौरभ कौशिक, सचिन कौशिक, अनिल केदार, लालू गुप्ता, आरएसपी सिंह आदि ने निगम जोन कार्यालय में शिकायत की है। उनका कहना है कि वे वहां 30 वर्षों से वहां निवास करते हैं और एक डाक्टर द्वारा मुख्य सड़क से लगी भूमि पर कुछ निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे उनके एक तरफ की सड़क अवरूद्ध हो गई है। इसी तरह एक अन्य व्यक्ति द्वारा भी उनके मकान के सामने वाले रोड के पश्चिम दिशा की रोड को अवरूद्ध कर बेजा कब्जा किया जा रहा है। मोहल्लेवासियों ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए सड़क के जमीन पर किए गए निर्माण को तोड़कर आवागमन के लिए रास्ता सुचारू रूप से किए जाने की मांग की है।

# 7 अहातों के लिए फिर नहीं आए आवेदन, 14 की हुई नीलामी

- आबकारी विभाग ने तीसरी बार की अहातों की नीलामी

**बिलासपुर।** आबकारी विभाग द्वारा फुटकर देशी-विदेशी शराब दुकानों से अटैच अहातों, चखना सेंटरों के लिए बुधवार को तीसरी बार नीलामी प्रक्रिया की गई। तीसरे बार में 21 अहातों के लिए आनलाइन निविदा आमंत्रित किए गए थे, जिसमें 14 अहातों की ही नीलामी हो सकी है और 7 अहातों के लिए एक भी ठेकेदार सामने नहीं आए हैं।

आबकारी विभाग द्वारा पहले दो बार अहातों की नीलामी की जा चुकी थी उसके बाद भी जिले के 64 देशी-विदेशी शराब दुकानों से संलग्न 21 अहाते बच गए थे, क्योंकि उन अहातों के लिए आवेदन नहीं आए थे या फिर नीलामी प्रक्रिया के बाद संबंधित ठेकेदारों द्वारा पैसा जमा नहीं कराया गया। इसलिए आबकारी विभाग ने तीसरी बार 21 अहातों के लिए 3 जून तक आनलाइन निविदा मंगाई थी, जिसकी 9 जून आखिरी तिथि थी। इसमें 14 अहातों के लिए कुल 23 निविदा आए थे। इसमें सर्वाधिक बोली के आधार पर 14 अहातों की आज नीलामी हुई और जिन निविदादाताओं को अहाता आबंटित हुआ है, उन्हें दो दिनों के भीतर पैसा जमा कराना होगा। दूसरी तरफ व्यापार विहार विदेशी, वसुंधरानगर विदेशी, चांटीडीह विदेशी, मस्तूरी विदेशी, पौंसरा देशी, बिरकोना देशी, हरदीटोना देशी अहातों के लिए एक भी आवेदन नहीं आए, जिसके कारण इन 7 अहातों की नीलामी नहीं हो सकी है।

### दो बार की नीलामी में 43 अहातों का हुआ था ठेका

आबकारी विभाग द्वारा जिले के 64 देशी-विदेशी शराब दुकानों से संलग्न अहातों, चखना सेंटरों के लिए आनलाइन माध्यम से निविदा आमंत्रित की थी और 12 मई को पहली बार नीलामी प्रक्रिया हुई थी, लेकिन पहली बार नीलामी में काफी ऊंची बोली लगने के बाद भी ठेकेदारों ने पैसा जमा नहीं कराया था। केवल तीन अहातों का पैसा जमा हुआ और 61 अहाते बच गए थे। इसके बाद आबकारी विभाग ने अहातों के

### 7 अहातों के आवेदन नहीं आए

फुटकर देशी-विदेशी मदिरा दुकानों से संलग्न जिले की बची हुई 21 अहातों के लिए तीसरी बार आनलाइन माध्यम से निविदा मंगाई गई 9 जून तक मंगाई गई थी। आज तीसरी बार अहातों की नीलामी प्रक्रिया की गई जिसमें 14 अहातों की नीलामी हो पाई है और 7 अहातों के लिए आवेदन नहीं आए हैं।

**-दिनकर वासनिक**
सहायक आयुक्त, आबकारी

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152